वर्ष-10, अंक-34 पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुयये
TM
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज सोमवार, 08 अप्रैल, 2024
प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को बताया 'झूठ का पुलिंदा'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नागपुर।** उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने शनिवार को कांग्रेस के घोषणापत्र पर निशाना साधते हुए पूछा कि जब कांग्रेस अपने ही सदस्यों के साथ न्याय नहीं कर सकती, तो वह जनता को न्याय कैसे देगी। डा. दिनेश शर्मा ने कांग्रेस



के 'न्याय पत्र' को झूठ का पुलिंदा करार दिया। भाजपा के महाराष्ट्र चुनाव प्रभारी दिनेश शर्मा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि विदर्भ में मोदी लहर है। उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने शनिवार को कांग्रेस के घोषणापत्र पर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस के न्याय पत्र को झूठ का पुलिंदा करार दिया। इसके अलावा शर्मा ने कांग्रेस को आंबेडकर विरोधी पार्टी कहा। बता दें कि राज्य की 48 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल से 20 मई के बीच पांच चरणों में मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी। भाजपा के नेतृत्व में सत्तारूढ़ महायुति को इस क्षेत्र की सभी सीटों पर जीत मिलेगी। शर्मा ने कांग्रेस को 'आंबेडकर विरोधी' पार्टी कहा। महायुति में भाजपा के साथ ही एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और एनसीपी का अजीत पवार गुट शामिल है। राज्य की 48 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल से 20 मई के बीच पांच चरणों में मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी। तेलंगाना में कांग्रेस सरकार ने नहीं निभाया वादा केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने वादे के मुताबिक अपनी छह चुनावी 'गारंटियों' को लागू नहीं किया है।

### भाजपा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को बताया 'झूठ का पुलिंदा'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
नागपुर। उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने शनिवार को कांग्रेस के घोषणापत्र पर निशाना साधते हुए पूछा कि जब कांग्रेस अपने ही सदस्यों के साथ न्याय नहीं कर सकती, तो वह जनता को न्याय कैसे देगी। डा. दिनेश शर्मा ने कांग्रेस के 'न्याय पत्र' को झूठ का पुलिंदा करार दिया। भाजपा के महाराष्ट्र चुनाव प्रभारी दिनेश शर्मा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि विदर्भ में मोदी लहर है। उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने शनिवार को कांग्रेस के घोषणापत्र पर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस के न्याय पत्र को झूठ का पुलिंदा करार दिया। इसके अलावा शर्मा ने कांग्रेस को आंबेडकर विरोधी पार्टी कहा। बता दें कि राज्य की 48 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल से 20 मई के बीच पांच चरणों में मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी।

## पीएम मोदा के समर्थक ने की हद पार, प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल के लिए मां काली को अंगुली काटकर चढ़ाई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बेंगलुरु।** कर्नाटक में एक व्यक्ति ने पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल के



लिए प्रार्थना करते हुए अंगुली काट कर मां काली को चढ़ा दी। यह मामला शनिवार को सामने आया। अरुण वर्नेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बड़े समर्थक हैं। कर्नाटक के एक व्यक्ति ने पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल के लिए प्रार्थना करते हुए अंगुली काट कर मां काली को चढ़ा दी। यह मामला शनिवार को सामने आया। अरुण वर्नेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बड़े समर्थक हैं। अंगुली काटने के बाद उन्होंने घर की दीवारों पर खून से लिखा मां काली मोदी बाबा की रक्षा करो। पीएम मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने अपने आवास पर पीएम मोदी का मंदिर भी बनवाया है। अंगुली काटने के बाद उन्होंने घर की दीवारों पर खून से लिखा मां काली, मोदी बाबा की रक्षा करो। पीएम मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। मीडिया से बात करते हुए अरुण वर्नेकर ने कहा कि पीएम मोदी के केंद्र में आने के बाद से चीन और पाकिस्तान के कारण होने वाली परेशानियां खत्म हो गई हैं। पहले कश्मीर से आतंकवादी गतिविधियों और सैनिकों की मौत की खबरें आती थीं। अब क्षेत्र शांतिपूर्ण है। देश के विकास के लिए एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जरूरत है। वर्नेकर पहले मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में काम करते थे। वर्तमान में वह कारवार शहर में रहते हैं और अपनी वृद्ध मां की देखभाल करते हैं। वह अविवाहित हैं। इससे पहले 2019 के आम चुनाव के दौरान भी उन्होंने अपनी अंगुली काटने की कोशिश की थी लेकिन सफल नहीं हो पाए थे।

## पैसे दो, बच्चा लो गोद लेने के नाम पर नवजात बच्चों की होती थी डील

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सीबीआइ ने एक-दो दिन तक के शिशुओं की तस्करी करने वाले एक देशव्यापी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। दिल्ली और हरियाणा में मारे गए छापे के दौरान



सीबीआइ ने 1.5 दिन, 15 दिन और एक महीने के तीन शिशुओं को गिरोह के चंगुल से बचाया। इनमें दो शिशु लड़के और एक महीने की लड़की शामिल हैं। इस मामले में सीबीआइ ने नेटवर्क से जुड़े सात आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। पिछले एक महीने में गिरोह द्वारा 10 शिशुओं को बेचे जाने की बात सामने आई है। सीबीआइ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नेटवर्क का जाल पूरे देश में फैला था और अब तक की जांच से पता चला है कि शिशु तस्कर देश भर में निःसंतान दंपतियों की जानकारी जुटाता था और उसके बाद उनसे पेज् या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से संपर्क करता था। बच्चा गोद लेने की इच्छा जताने पर इन निःसंतान दंपतियों को चार से छह लाख रूपये में शिशु बेच दिया जाता था। इसके लिए गोद लेने के फर्जी दस्तावेज बनाने की बात भी सामने आ रही है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने सीबीआइ को बताया कि वे वास्तविक माता-पिता से भी बच्चे खरीदते थे और कई मामलों में सरोगेट माताओं से भी शिशु खरीदा गया था।

## अगले 2 दिनों के भीतर आग उगलेगा सूरज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अप्रैल महीने की शुरुआत के साथ ही अगले दो दिनों के भीतर भीषण गर्मी का दौर शुरू होने वाला है। भारत मौसम विभाग (घ्छ्र) ने



शनिवार को हीटवेव को लेकर अलर्ट जारी किया है। भारत मौसम विभाग ने शनिवार को हीटवेव को लेकर अलर्ट जारी किया है। प्रायद्वीपीय और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में अगले दो दिनों तक अगले दो दिनों तक लू की स्थिति रहने की आशंका है। हीटवेव से प्रभावित होने वाले शहरों में ओडिशा गंगीय पश्चिम बंगाल झारखंड विदर्भ उत्तरी आंतरिक कर्नाटक तटीय आंध्र प्रदेश और यनम रायलसीमा और तेलंगाना शामिल हैं। प्रायद्वीपीय और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में अगले दो दिनों तक अगले दो दिनों तक लू की स्थिति रहने की आशंका है। हीटवेव से प्रभावित होने वाले शहरों में ओडिशा, गंगीय पश्चिम बंगाल, झारखंड, विदर्भ, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, रायलसीमा और तेलंगाना शामिल हैं। शनिवार को, मौसम विभाग नें (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 'आज पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों और अगले 2 दिनों के दौरान प्रायद्वीपीय भारत में गर्मी की लहर की स्थिति बनी रहने की उम्मीद है। हालांकि, उसके बाद इसमें कमी होने की संभावना है।' आईएमडी के अनुसार, हीटवेव तब होती है ।

## बेंगलुरु के हुस्कुर में मद्दुरम्मा देवी जात्रा उत्सव में गिरा मंदिर का रथ में देखें खौफनाक घटना

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान रथ गिरने से हड़कंप मच गया। दुर्घटना हुस्कुर मद्दुरम्मा मंदिर के वार्षिक मंदिर मेले के व्यस्त माहौल के बीच हुई, जिसमें 10 से अधिक गांवों से हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। चारों ओर से बंधी रस्सियों का इस्तेमाल कर विशाल रूप से सजाए गए रथ को उठाने के लिए सैकड़ों भक्तों की भीड़ उमड़ी थी। रथ को खड़ा करते वक्त यह बड़ा हादसा हुआ। बेंगलुरु में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान रथ गिरने से हड़कंप मच गया। दुर्घटना हुस्कुर मद्दुरम्मा मंदिर के वार्षिक मंदिर मेले के व्यस्त माहौल के बीच हुई जिसमें 10 से अधिक गांवों से हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। चारों ओर से बंधी रस्सियों का इस्तेमाल कर विशाल रूप से सजाए गए रथ को उठाने के लिए सैकड़ों भक्तों की भीड़ उमड़ी थी। रथ को खड़ा करते वक्त यह बड़ा हादसा हुआ। खबर लिखे जाने तक घटना के बाद किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। ट्रैक्टरों और बैलगाडि़यों की सहायता से, ध्वस्त रथ को सफलतापूर्वक हटा दिया गया है। बता दें कि हुस्कुर मद्दुरम्मा मेला, वार्षिक रथ उत्सव है, जो काफी प्रसिद्ध है। इसमें शामिल होने के लिए दूर-दूर से भीड़ आती है।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पांच अन्य नेताओं ने राज्यसभा सदस्यता की ली शपथ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** राज्यसभा चुनाव में हाल ही में निर्वाचित भाजपा के राष्ट्रीय



अध्यक्ष जेपी नड्डा और पांच अन्य नेताओं ने शनिवार को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सभी को शपथ दिलाई। राज्यसभा चुनाव में हाल ही में निर्वाचित भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पांच अन्य नेताओं ने उच्च सदन की सदस्यता की शपथ ली।राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सभी को शपथ दिलाई। धनखड़ के कार्यालय ने शपथ ग्रहण की तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन में जेपी नड्डा को राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले अन्य लोगों में महाराष्ट्र से अशोकराव शंकरराव चव्हाण , राजस्थान से चुन्नीलाल गरासिया, तेलंगाना से अनिल कुमार यादव मंडाडी , बंगाल से सुष्मिता देव और मोहम्मद नदीमुल हक शामिल हैं।धनखड़ के कार्यालय ने शपथ ग्रहण की तस्वीरें साझा करते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन में जेपी नड्डा को राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य के रूप में शपथ दिलाई।

## लाओस में अवैध काम में फंसे 17 भारतीय लौट रहे स्वदेश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को बताया कि लाओस से



17 भारतीय स्वदेश लौट रहे हैं। इन्हें इस दक्षिण-पूर्व एशियाई देश में धोखे से असुरक्षित और अवैध काम में फंसाया गया था। उन्होंने इस मामले में सफल प्रयास के लिए लाओस में भारतीय दूतावास की सराहना की है। विदेश मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'मोदी की गारंटी देश और विदेश सभी जगह काम करती है।विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को बताया कि लाओस से 17 भारतीय स्वदेश लौट रहे हैं। उन्होंने इस मामले में सफल प्रयास के लिए लाओस में भारतीय दूतावास की सराहना की है। विदेश मंत्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा मोदी की गारंटी देश और विदेश सभी जगह काम करती है। लाओस में धोखे में रखकर असुरक्षित और गैरकानूनी काम में फंसाए गए 17 भारतीय स्वदेश लौट रहे हैं।

## 'जम्मू-कश्मीर पर हर राज्य और नागरिक का अधिकार', अमित शाह ने मल्लिकार्जुन खरगे पर कसा तंज


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने अनुच्छेद 370 हटाने को लेकर मल्लिकार्जुन खरगे के बयान को आड़े हाथों लेते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा है। खरगे ने अनुच्छेद 370 हटाने का मुद्दा राजस्थान में उठाने



के लिए सत्तारूढ़ दल पर तंज कसा था। इस पर पलटवार करते हुए अमित शाह ने कहा कि विपक्षी दल भारत के मूल विचार (आइडिया ऑफ इंडिया) को नहीं समझ रहा है। इसके लिए कांग्रेस की इतालवी संस्कृति को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। गृह मंत्री अमित शाह ने अनुच्छेद 370 हटाने को लेकर मल्लिकार्जुन खरगे के बयान को आड़े हाथों लेते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा है। खरगे ने अनुच्छेद 370 हटाने का मुद्दा राजस्थान में उठाने के लिए सत्तारूढ़ दल पर तंज कसा था। इस पर पलटवार करते हुए अमित शाह ने कहा कि विपक्षी दल भारत के मूल विचार (आइडिया ऑफ इंडिया) को नहीं समझ रहा है। गृह मंत्री शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के अन्य नेताओं ने शनिवार को एक्स पर खरगे के भाषण का एक वीडियो क्लिप साझा किया। इसमें अनुच्छेद 370 हटाने का मुद्दा राजस्थान में उठाने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष को सत्तारूढ़ भाजपा पर तंज कसते हुए सुना जा सकता है। वीडियो क्लिप में खरगे कह रहे हैं- अरे भाई, यहां के लोगों से क्या वास्ता है? खरगे ने गलती से अनुच्छेद 370 को अनुच्छेद 371 भी कह दिया। खरगे ने जो कहा, उसे सुनना शर्मनाक है। उन्होंने विपक्षी पार्टी को याद दिलाया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। इस पर हर राज्य और नागरिक का अधिकार है, जैसे जम्मू-कश्मीर के लोगों का देश के बाकी हिस्सों पर अधिकार है।कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि पार्टी को पता नहीं है कि राजस्थान के कई वीर सपूतों ने कश्मीर में शांति और सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। गृह मंत्री ने कहा, शाह ने आगे लिखा कि कांग्रेस की जानकारी के लिए यह अनुच्छेद 371 नहीं, बल्कि अनुच्छेद 370 था, जिसे मोदी सरकार ने निरस्त कर दिया था। हालांकि, कांग्रेस से यही उम्मीद की जाती है कि वह ऐसी भयानक गलतियां करती रहेगी। इसके द्वारा की गई ऐसी गलतियां हमारे देश को दशकों से परेशान कर रही हैं। जेपी नड्डा ने भी यह मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस की आलोचना की। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा-एक और दिन, कांग्रेस के एक और रतन! खरगे उस विशिष्ट कांग्रेसी मानसिकता को प्रदर्शित कर रहे हैं, जो चाहती थी कि जम्मू-कश्मीर शेष भारत से कटा रहे। कांग्रेस ने मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा अनुच्छेद 370 के बारे में बात करते समय 'गलती से' अनुच्छेद 371 का जिक्र करने के लिए भाजपा की आलोचना पर पलटवार किया। कांग्रेस ने दावा किया कि पार्टी प्रमुख ने 'अनजाने में' अनुच्छेद 371 में बदलाव की मोदी-शाह की योजना को उजागर कर दिया है। बताते चलें, अनुच्छेद 371 मणिपुर, असम, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और मिजोरम सहित 12 राज्यों को विशेष दर्जा प्रदान करता है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पोस्ट किया, आज जयपुर में अपने भाषण के दौरान जुबान फिसलने से पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पीएम मोदी अनुच्छेद 371 खत्म करने का श्रेय लेते हैं। उनका मतलब अनुच्छेद 370 से था।

## विश्वविद्यालयों को नई ऊंचाई देने में गैर-शैक्षणिक कर्मचारी भी अब बंटाएंगे हाथ, अब यूजीसी देगा विशेष प्रशिक्षण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालयों में किसी भी छात्र के दाखिला लेने के दौरान उसका सामना सबसे पहले उन गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों से होता है, जिनका छात्र की पढ़ाई से कोई सीधा वास्ता नहीं होता है, लेकिन उनका बात-व्यवहार और दक्षता छात्र के मन में संस्थान को लेकर नई छवि गढ़ता है नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत विश्वविद्यालयों को विश्वस्तरीय बनाने में जुटे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) विश्वविद्यालयों में काम करने सभी गैर-शैक्षणिक




कर्मचारियों को क्षमता निर्माण से जुड़े एक विशेष प्रशिक्षण देगा जिसका उन्हें प्रमाण-पत्र भी मिलेगा। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इसको पदोननति और वेतन-वृद्धि आदि से भी जोड़ दिया जाएगा। यह पूरा प्रशिक्षण ऑनलाइन होगा। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत विश्वविद्यालयों को विश्वस्तरीय बनाने में जुटे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने फिलहाल इस दिशा में एक बड़ी पहल की है। विश्वविद्यालयों में काम करने सभी गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को क्षमता निर्माण से जुड़ा एक विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसका उन्हें प्रमाण-पत्र भी मिलेगा। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इसको पदोननति और वेतन-वृद्धि आदि से भी जोड़ दिया जाएगा यूजीसी ने विश्वविद्यालयों के गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को क्षमता निर्माण के लिए विशेष प्रशिक्षण देने की यह पहल 'मिशन कर्मयोगी' के तहत केंद्र सरकार की ओर से गठित क्षमता निर्माण आयोग (कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन) के साथ मिलकर शुरू किया है।

## देश के खिलाफ साजिश रचने के मामले मे एनआईए की कार्रवाई यूपी-बिहार के कई जिलों में छापामारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ नक्सली साजिश रचने के मामले में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी




(माओवादी) के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (र्‍ईं) ने बड़ी कार्रवाई की है। ने इस मामले में शनिवार को उत्तर प्रदेश और बिहार में कई जगहों पर पर छापेमारी की। भारत के खिलाफ साजिश रचने के मामले में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बड़ी कार्रवाई की है। ने इस मामले में शनिवार को उत्तर प्रदेश और बिहार में कई जगहों पर पर छापेमारी की। एनआईए ने इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में 11 और बिहार के कैमूर जिले में एक स्थान पर आरोपियों व संदिग्धों के ठिकानों पर छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए ने इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में 11 और बिहार के कैमूर जिले में एक स्थान पर आरोपियों व संदिग्धों के ठिकानों पर छापे मारे। एनआईए के प्रवक्ता के मुताबिक, छापेमारी के दौरान मोबाइल फोन, सिम कार्ड व मेमोरी कार्ड समेत कई डिजिटल उपकरण और प्रतिबंधित नक्सली संगठनों से जुड़े दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

## सीएम पिनराई विजयन ने कांग्रेस के मेनिफेस्टो पर उठाया सवाल, बोले- पार्टी अपने घोषणापत्र मे सीएए पर क्यों साधी चुप्पी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**अलपुझा।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा कि माकपा ने अपने घोषणापत्र में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम को निरस्त




करने का वादा किया है, लेकिन कांग्रेस अपने घोषणापत्र में इस मुद्दे पर चुप्पी साध गई है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जब केंद्र ने अनुच्छेद 370 को निरस्त किया तो कांग्रेस विरोध करने में विफल रही। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा कि माकपा ने अपने घोषणापत्र में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम को निरस्त करने का वादा किया है लेकिन कांग्रेस अपने घोषणापत्र में इस मुद्दे पर चुप्पी साध गई है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जब केंद्र ने अनुच्छेद 370 को निरस्त किया तो कांग्रेस विरोध करने में विफल रही।उन्होंने आरोप लगाया कि वोटों की खातिर कांग्रेस अपने मूल्यों से समझौता कर लेती है। उन्होंने आरोप लगाया कि वोटों की खातिर कांग्रेस अपने मूल्यों से समझौता कर लेती है। अलपुझा में एक संवाददाता सम्मेलन में पिनराई ने कहा कि जम्मू एवं कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को भाजपा सरकार ने एक दिन में ही निरस्त कर दिया। कांग्रेस संसद के भीतर और बाहर विरोध करने में विफल रही।

डाक पंजीयन नं. AD -326/2024-2026 - website:www.aadhuniksamachar.com –E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com आधुनिक समाचार

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ पर मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बारा प्रयागराज।** शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधानसभा बारा के जसरा मंडल में अपने-अपने बूथों पर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया और पार्टी के महापुरुषों के चल चित्र पर माल्यार्पण किया। आपको बता दें कि 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी और उसके पहले अध्यक्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई थे। तब उन्होंने कहा था कि अंधेरा छटेगा सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। पार्टी के 45वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मंत्री यमुनापार कमलेश त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो कार्यकर्ताओं के हित की बात करती है। मंडल महामंत्री नीरज केसरवानी ने बताया कि आज देश के करोड़ों कार्यकर्ताओं ने जगह जगह ध्वज फहराया और मिठाई खिला कर स्थापना दिवस मनाया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधानसभा प्रभारी भोलानाथ तिवारी व संयोजक रतनकर पटेल, मंडल प्रभारी राजू पटेल, अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, महामंत्री भूपेंद्र पाठक, अभिषेक शुक्ला, राहुल पाल, राजा बाबू पाठक, नरेंद्र मिश्रा, हजारी लाल पटेल, अशोक तिवारी, निधिश पाठक, राकेश पाठक, आशीष सोनकर, आलोक पाठक, दीपचंद गुप्ता, बच्चा मालवीय अश्वनी द्विवेदी, अवध बिहारी मिश्रा, वीरेंद्र पाठक, राम केसरवानी, कमला द्विवेदी, सुबोध जयसवाल, विमल श्रीवास्तव, राजेश कुमार, आकाश केसरवानी, अर्जुन विश्वकर्मा, सुरेश मिश्रा, अमित पासी, गोपाल केसरवानी, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



# प्राथमिक विद्यालय गोंदलापुर में निकाली गई मतदाता जागरुकता रैली

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बारा प्रयागराज।** ग्राम सभा छीड़ी के प्राथमिक विद्यालय गोंदलापुर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी जो कि गांव के लोगो को वोट डालने के लिए जागरूक किया और एक, एक वोट की कीमतके बारे में बताया गया। रैली की नेतृत्व प्रधान अध्यापक संजय चौरसिया, सहायक अध्यापक शलाका एवम श्रद्धा मिश्रा एवम समस्त स्टाप मौजूद रहे।



# झूंसी में जमीनी विवाद में बुजुर्ग की हत्या, जमकर हुआ बवाल, खूब चले ईंट-पत्थर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** हवेलिया निवासी हिकमत अली और झूंसी कोहना के अफजाल के बीच जमीन के एक टुकड़े को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा है। कीमती जमीन को हिकमत अली अपना पैतृक कब्रिस्तान बताता रहा है। हवेलिया इलाके में शनिवार की दोपहर जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले। इस विवाद में एक पक्ष के 60 वर्षीय अहमद अली उर्फ छोटे मुल्ला का सिर ईंट लगने से फट गया। गंभीर हालत में उसे पहले हनुमानगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और बाद में एसआरएन अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित परिजनों ने आरोपियों के घर पर चढ़कर जमकर तोड़फोड़ और पथराव किया। पुलिस ने जान गंवाने वाले बुजुर्ग के भाई हिकमत अली की तहरीर पर तीन नामजद समेत 10-15 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसमें एक हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। हवेलिया निवासी हिकमत अली और झूंसी कोहना के अफजाल के बीच जमीन के एक टुकड़े को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा है। कीमती जमीन को हिकमत अली अपना पैतृक कब्रिस्तान बताता रहा है। शनिवार को इसी जमीन पर अफजाल, कयूम, अशरफ और 10-15 अन्य लोग बाउंड्रीवाल खड़ी करा रहे थे। इसकी जानकारी हिकमत को हुई तो वह अपने भाई अहमद अली, भतीजे आजाद व अन्य के साथ मौके पर पहुंच गए।दूसरे पक्ष ने मौके पर पहुंचकर निर्माण का विरोध करना शुरू कर दिया। गाली-गलौज से शुरू हुआ विवाद कुछ ही देर में मारपीट में तब्दील हो गया। दोनों पक्ष के लोगों ने एक-दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया। साथ ही लाठी-डंडे से भी हमला कर दिया। सिर में ईंट-पत्थर और डंडा लगने से अहमद अली गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वह खून से लथपथ होकर मौके पर ही गिर पड़ा। साथ ही युवक आजाद के हाथ में भी गंभीर चोट आई थी। बुजुर्ग की मौत की खबर उसके घर पहुंची तो कोहराम मच गया। परिजनों ने सैकड़ों लोगों के साथ आरोपियों के घर पर चढ़ाई कर दी। वहां पर जमकर तोड़फोड़ की गई। सूचना मिलने पर एसओ झूंसी उपेंद्र प्रताप सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और हालात को काबू में किया। घटना से गांव की बस्ती में तनाव बना हुआ है। एसओ उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसओजी समेत पुलिस की पांच टीमें गठित की गई हैं।हवेलिया की विवादित जमीन को लेकर पहले भी दो पक्षों में विवाद हो चुका है। मामला झूंसी थाने तक भी पहुंचा, लेकिन बाद में उसे रफा-दफा कर दिया गया। जमीन पर कब्जे के लिए आज सुबह ही ट्रैक्टर से ईंट गिराई गई थी। इस बात की जानकारी जैसे ही दूसरे पक्ष के हिकमत अली और उसके भाई अहमद अली उर्फ छोटे मुल्ला को हुई तो परिजनों संग मौके पर पहुंचकर विरोध शुरू कर दिया। तभी दोनों पक्षों में लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चलने लगे जमीन पर कब्जे को लेकर एक पक्ष से भारी संख्या में अधिवक्ता भी जुटे थे। बवाल बढ़ा तो दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे का वीडियो भी बनाना शुरू कर दिया। वीडियो में साफ तौर पर कई अधिवक्ता और दोनों पक्ष के लोग गाली गलौज और पथराव करते हुए नजर आए हैं। पूरी घटना का वीडियो देर रात तक पूरे इलाके में वायरल हो गया था। हवेलिया निवासी बुजुर्ग अहमद अली की हत्या के आरोपियों में से एक मोहम्मद कयूम करोड़ों रुपये के हेरफेर का भी आरोपी है। उसने तकरीबन 12 साल पहले ऑनलाइन एक फर्जी कंपनी अल्फ डॉट बिज डॉट कॉम नाम से बनाई थी जिसमें पैसा दोगुना करने के नाम पर उसने झूंसी, शहर के साथ ही जौनपुर, बादशाहपुर, वाराणसी, मिर्जापुर समेत बिहार के कई जिलों के सैकड़ों लोगों का करोड़ों रुपये निवेश कराया था।




## न्याय के लिए भटक रहा घायल दीवान, थानाध्यक्ष ने कहा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** प्राथमिकी दर्ज करने के नाम पर आम जनता को बरगलाने वाली पुलिस अपने महकमे के घायल दीवान का भी मुकदमा लिखने में आनाकानी कर रही है, ताकि थाने के दो सिपाहियों की गुंडई और अवैध धन उगाही के कृत्य को छिपाया जा सके। चंदौली में तैनात सिपाही एफआईआर लिखाने के लिए दर-दर ठोकर खाने के लिए बाध्य है। चंदौली में तैनात दीवान को जंघई पुलिस चौकी के दो सिपाहियों द्वारा बंधक बनाकर पिटाई किए जाने के मामले में 5 दिन बाद भी आरोपी सिपाहियों के खिलाफ पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं की। सिर में गंभीर चोट की वजह से परेशान दीवान घायलावस्था में न्याय के लिए थाना व उच्चाधिकारियों के कार्यालय का चक्कर लगा रहा है। उधर एसओ सरायममरेज ने कहा कि उन्हें कोई तहरीर ही नहीं मिली है। पुलिस की इस कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीणों में भी नाराजगी है। सरायममरेज थाना क्षेत्र के जंघई पुलिस चौकी के सिंधौरा गांव के रहने वाले विनय कुमार सरोज 35 पुत्र फूलचंद्र सरोज जो मौजूदा समय में चंदौली जनपद में दीवान के पद पर तैनात हैं। वह पांच दिन की छुट्टी पर घर आए हुए हैं।



## साथियों के बीच बात करते वक्त तमंचे से चली गोली, हिस्ट्रीशीटर की मौत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** ऋतुराज उर्फ ऋतिक पुत्र मलखान सिंह निवासी रामपुर थाना नवाबगंज शातिर अपराधी है। वह रविवार शाम करीब 5.30 बजे साथियों के साथ प्रयागराज-रायबरेली हाईवे के पास कौडि़हार बाग में अपराधियों के साथ गुफ्तगू कर रहा था। इसी बीच अचानक ऋतिक के कमर में लगा तमंचा दब गया और गोली उसके जांघ में लग गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना क्षेत्र के कौडि़हार गांव की बाग में शातिर अपराधियों की गुफ्तगू के बीच अचानक एक अपराधी के कमर में तमंचा दगने अफरा तफरी मच गई। गोली लगने से अपराधी घायल हो गया।जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौडि़हार ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। ऋतुराज उर्फ ऋतिक पुत्र मलखान सिंह निवासी रामपुर थाना नवाबगंज शातिर अपराधी है। वह रविवार शाम करीब 5.30 बजे साथियों के साथ प्रयागराज-रायबरेली हाईवे के पास कौडि़हार बाग में अपराधियों के साथ गुफ्तगू कर रहा था।



# आज इतने बजे लगेगा सूर्य ग्रहण, जानें भारत में सूतक काल लागू होगा या नहीं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** साल का पहला सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल यानी आज रात 9 बजकर 22 मिनट तक रहेग साल का पहला सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल की रात 9 बजकर 12 मिनट से लेकर




बजकर 12 मिनट से लेकर 9 अप्रैल को देर रात 2 बजकर 22 मिनट तक रहेगा. सूर्य ग्रहण की कुछ अवधि 05 घंटे 10 मिनट की होगी. इस सूर्य ग्रहण को लेकर लोगों के मन में बहुत से सवाल है. जैसे सूर्य ग्रहण कितने बजे लगेगा. क्या भारत में सूतक काल के नियम मान्य होंग साल का पहला सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल की रात 9 बजकर 12 मिनट से लेकर 9 अप्रैल को देर रात 2 9 अप्रैल को देर रात 2 बजकर 22 मिनट तक रहेग साल 2024 क पहला सूर्य ग्रहण सोमवार, 8 अप्रैल की रात यानी आज रात लगने वाला है. सूर्य ग्रहण एक खगोलीय घटना है. जब सूर्य और पृथ्वी के बीच चंद्रमा आ जाता है तो इस घटना को सूर्य ग्रहण कहते हैं. सूर्य ग्रहण वैज्ञानिक और धार्मिक दोनों वजहों से महत्वपूर्ण माना जाता है. 8 अप्रैल को लगने वाले सूर्य ग्रहण को लेकर लोगों के मन में बहुत से सवाल है. जैसे यह सूर्य ग्रहण कहां-कहां दिखेगा. सूर्य ग्रहण कितने बजे लगेगा. क्या भारत में सूतक काल के नियम मान्य होंगे. आज हम आपको इन्हीं सब सवालों के जवाब विस्तार से देंगे कितने बजे लगेगा सूर्य ग्रहण भारतीय समयानुसार, साल का पहला सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल की रात 9 बजकर 12 मिनट से लेकर 9 अप्रैल को देर रात 2 बजकर 22 मिनट तक रहेगा. सूर्य ग्रहण की कुछ अवधि 05 घंटे 10 मिनट की होगी. क्या भारत में दिखेगा सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल को लगने वाला सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा. यह सूर्य ग्रहण पश्चिमी यूरोप, पेसिफिक, अटलांटिक, आर्कटिक, मेक्सिको, उत्तरी अमेरिका (अलास्का को छोड़कर), कनाडा, मध्य अमेरिका, दक्षिण अमेरिका के उत्तरी भागों में, इंग्लैंड के उत्तर पश्चिम क्षेत्र और आयरलैंड में ही दृश्यमान होगा।

# पूर्वांचल वासियों को 2 दिन बाद और सताएगी गर्मी, 42 डिग्री तक पहुंचेगा तापमान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**अप्रैल।** महीने में ही गर्मी का तेवर दिखने लगा है। सुबह से ही तेज धूप लोगों को चुभने लगी है। वहीं दो दिन बाद और गर्मी बढ़ने के आसार हैं। ऐसे में नवरात्र में व्रतियों की कड़ी परीक्षा होगी। अप्रैल महीने में ही गर्मी का तेवर दिखने लगा है। सुबह से ही तेज धूप लोगों को चुभने लगी है। वहीं दो दिन बाद और गर्मी बढ़ने के आसार हैं। ऐसे में नवरात्र में व्रतियों की कड़ी परीक्षा होगी। सोमवार की सुबह नौ बजते ही धरती पर आने वाली सूर्य की किरणों ने तल्खी बढ़ा दी। 11 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं हवाएं भी बेअसर साबित हुईं और सामान्य जनजीवन गर्मी से तपने लगा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अब गर्मी और बढ़ेगी, घटने का कोई संकेत नहीं है। क्योंकि पारा चढ़ने से रुकने के लिए फिलहाल कोई कारण मौजूद नहीं है। रविवार तक दिखने वाले छिटपुट बादल भी सोमवार से समाप्त हो गया और आसमान साफ हो गया। नवरात्र के प्रत्येक दिन तापमान स्थिर रहने या बढ़ने का पूर्वानुमान है। नवरात्र के छठे और सातवें दिन पारा 42 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। नवरात्र में बड़ी तादाद में देवीभक्त नौ दिन व्रत रखकर शक्ति उपासना करते हैं।फिलहाल तापमान में गिरावट का कोई कारण मौजूद नहीं है, इसलिए अब गर्मी बढ़ेगी। आसमान में छाए रहने वाले छिटपुट बादल भी सोमवार से खत्म हो गए।



# संचारी रोग एवं दस्तक अभियान में सभी विभाग अपने दायित्वों का करे निर्वहन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** एम0ओ0आई0सी0 सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी गये विभागीय कायर्योजना के अनुसार समस्त गांवो में कार्य प्रारम्भ कराते हुये झाड़ियों की कटाई, साफ प्रत्येक ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी को प्राप्त कराया जाए ताकि उनके द्वारा गांवो में छिड़काव




से सम्पर्क कर क्षेत्र में सफाई अभियान व झाड़ियों की कटाई कराते हुये उपलब्ध कराये रिपोर्ट -मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर 06 अप्रैल 2024- विगत 01 अप्रैल 2024 से जनपद में चलाये जा रहे संचारी रोग अभियान में अब तक कार्य प्रगति की समीक्षा जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी एम0ओ0आई0सी0 व सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोग अभियान में शामिल सभी अर्न्तविभागीय अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुये कार्य करे ताकि संक्रामक रोगो से लोगो का बचाव किया जा सकें। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि डब्लू0एच0ओ0 के अधिकारियों द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कुछ विकास खण्डो के कतिपय गांव में अभी झाड़ियों की कटाई तथा विशेष सफाई अभियान प्रारम्भ नही किया गया है बनाये सफाई अभियान व गांव में जहां पर पानी इकट्ठा होता हो वहां पर पम्प से पानी निकलवाने तथा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव तालाबों के किनारे साफ सफाई कराने का निर्देश दिया। पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि पशु आश्रय स्थलों में भी सफाई अभियान सुनिश्चित कराया जाए। उन्होने पड़री, हलिया, राजगढ़, नरायनपुर तथा जमालपुर में कार्य प्रगति धीमी होने पर कहा कि कार्य में प्रगति लायी जाए, यह भी कहा कि गर्मी के दृष्टिगत शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु हैण्डपम्पों के आस पास सफाई तथा प्रमुख स्थानों पर प्याऊ लगाने का निर्देश दिया। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि 10 अप्रैल से प्रारम्भ होने वाले दस्तक अभियान के लिये फ्रंट लाइन वर्करों का प्रशिक्षण तथा आभा आईडी (आयुष्मान भारत हेल्प एकाउंट) बनाये जाने में भी अपेक्षित प्रगति लायी जाए तथा एंटी लार्वा खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से कराया जा सकें। इसी प्रकार जनपद के सभी नगर पालिकाओं/पंचायतों में भी अधिशासी अधिकारियों को संचारी रोग व दस्तक अभियान के तहत कराये जाने वाले कायी में मलिन बस्तियों की सफाई, नाली नालियों की सफाई तथा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराने का निर्देश दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि संचारी अभियान के तहत बच्चों की रैली तथा क्लोरीबेसन डैमो के बारे में प्रैटिकल कराते हुये बच्चों को जानकारी दी जाए। जिलाधिकारी सभी सी0एच0सी0 पर रोगी कल्याण मद से शुद्ध पेयजल/प्याऊ की व्यवस्था कराते हुये अस्पताल के आस पास बेहतर सफाई सुनिश्चित करायी जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त एम0ओ0आई0सी0 को निर्देशित करते हुये कहा कि एम0ओ0आई0सी0 सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी से सम्पर्क कर क्षेत्र में सफाई अभियान व झाड़ियों की कटाई कराते हुये रिपोर्ट उपलब्ध कराये।

# मेमू से भी धीरे चल रहीं स्पेशल ट्रेनें, तय समय पर मंजिल तक नहीं पहुंच पा रहे यात्री

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** स्पेशल ट्रेनें मेमू जैसी ट्रेनों से भी धीरे चल रही हैं। ऐसे में यात्री अपने मंजिल पर तय समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। वहीं कैंट स्टेशन से गुजरने वाली स्पेशल ट्रेनों के समय पर नहीं पहुंचने से यात्रियों का समूह काउंटर पर नाराजगी जाहिर करता है। यात्री सुविधाओं ट्रेन संख्या 04080 दिल्ली-वाराणसी स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित समय सुबह 9.45 बजे पहुंचने के बजाय 11.30 बजे कैंट स्टेशन पर पहुंची। ट्रेन संख्या 04086 जम्मू-बनारस फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित समय रात पौने 12 बजे के बजाय डेढ़ बजे रात में कैंट स्टेशन पहुंची। ट्रेन संख्या 05194



को लेकर शुरू हुई फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें मेमू जैसी ट्रेनों से भी धीरे चल रही हैं। रविवार को 4 स्पेशल ट्रेनें अपने निर्धारित समय से तीन से आठ घंटे की देरी से कैंट रेलवे स्टेशन पर पहुंचीं। ट्रेन की लेटलतीफी से परेशान यात्रियों ने एक्स पर डीआरएम समेत अन्य रेल अधिकारियों से शिकायत भी दर्ज कराई। कैंट स्टेशन स्थित पूछताछ काउंटर के कर्मियों के अनुसार स्टेशन से गुजरने वाली स्पेशल ट्रेनों के समय पर नहीं पहुंचने से यात्रियों का समूह काउंटर पर नाराजगी जाहिर करता है। ट्रेन संख्या 04059 जयनगर-आनंद विहार स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित समय सुबह 4.15 बजे के बजाय आठ घंटे की देरी से 11.30 बजे कैंट रेलवे स्टेशन पर पहुंची वहीं, पनवेल-छपरा स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित समय सुबह 4.15 बजे के बजाय सुबह 7.30 बजे कैंट स्टेशन पहुंची।जयनगर-आनंद विहार तक की यात्रा कर रहे यात्री अंबिका, बीके श्रीवास्तव ने बताया कि इस ट्रेन को कई बार जहां-तहां रोका गया। कोच में साफ-सफाई का अभाव और कोच में पानी तक की किल्लत रही। दुर्गंध के बीच सफर करने को बाध्य हुए। 139 नंबर पर शिकायत के बाद बनारस स्टेशन पर कोच में पानी भरा गया। रेल अधिकारियों ने बताया कि नियमित ट्रेनों को पास कराने और कई स्टेशन पर प्लेटफार्म खाली नहीं होने की दशा में स्पेशल ट्रेनों को जहां-तहां रोकना पड़ता है। पेयजल और साफ-सफाई तय स्टेशनों पर होती है।

# मैनहोल में जान गंवाने वाले सफाईकर्मी को जो चेक दिया उस खाते में पैसे नहीं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** वाराणसी में मैनहोल में उतरे सफाईकर्मी की मौत हो गई थी। अधिकारियों के दबाव में ठेकेदार ने पीडि़त परिवार को दस लाख रुपये का चेक दिया था। परिवार के लोग जब चेक लगाया तो पता चला कि खाते में रुपये ही नहीं हैं। इस पर ठेकेदार से परिवार वालों ने बात की तो बोला दो दिन बाल्मीकि ने कहा कि जांच कमेटी में सफाई कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि को भी शामिल किया जाए।सफाई कर्मी घूरेलाल की मौत के बाद पतने चंदा बेसुध है। वह बार बार रोते हुए कह रही है कि अब चार बच्चों को कैसे पालेगी। परिवार में दो बेटी और दो बेटे हैं। बड़ी बेटी रुबी 14 साल की है। कक्षा नौ में पढ़ती है। बेटा चंद्रशेखर 12 साल का है और





बात पैसे आ जाए तो बैंक जाना। भैंसासुर घाट पर जल निगम के अधिकारियों और लीलावती कंस्ट्रक्शन कंपनी की लापरवाही से सीवर सफाई के दौरान सफाईकर्मी घूरेलाल की मौत हो गई थी। पोस्टर्मीटम हाउस में अधिकारियों के दबाव में ठेकेदार ने एक लाख रुपये नकद और दस लाख का चेक दिया। जब परिवार वालों ने शनिवार को चेक लगाया तो बैंक वालों ने कहा कि खाते में पैसा नहीं है। इस पर परिवार वालों ने ठेकेदार से संपर्क किया तो उसने कहा कि दो दिन बाद पैसा आने के बाद बैंक जाइएगा घूरेलाल के रिश्तेदार राम विलास राम ने बताया कि अभी कोई पैसा नहीं मिला है। एकाउंट में पैसा न होने से चेक क्लीयर नहीं हो सका है। ठेकेदार ने कहा कि सोमवार को 12 बजे के बाद जाइएगा। हम लोगों की मांग है कि बच्चों की शिक्षा, नौकरी, आवास और मुआवजा दिया जाए। घूरेलाल के भांजे राजू ने बताया कि ठेकेदार ने शाही नाले में बगैर सुरक्षा उपकरण के उतार दिया था। जब उन्हें गैस लगी तो ठेकेदार भाग गया। जल निगम के सहायक अभियंता नीरज सिंह ने कहा कि विभागीय जांच कराई जा रही है। जो लोग दोषी होंगे उन पर कार्रवाई होगी। उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय एवं राज्य सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोनचंद वह कक्षा आठ में पढ़ता है। 11 साल की बेटी शिवानी है। सबसे छोटा बेटा अजय दस साल का है। वह मछोदरी स्मार्ट स्कूल में कक्षा सात में पढ़ता है। जांच का मुख्य बिंदु जिम्मेदार कौन जिलाधिकारी एस राजलिंगम की ओर से गठित जांच कमेटी के डिप्टी कलेक्टर माल पिनाक पाणि द्विवेदी ने कहा कि परिवार वालों से मुलाकात के अलावा घटना स्थल का मुआयना किया गया। जांच का मुख्य बिंदु घटना के लिए जिम्मेदार कौन है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। परिवार वालों को हर संभव मदद दिलाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के नए आदेश के अनुसार 30 लाख रुपये देने का प्राविधान है। परिवार वालों को एक लाख रुपये नकद और दस लाख रुपये का चेक ठेकेदार से दिलवाया गया है। बाकी बची 19 लाख रुपये की धनराशि भी दिलाई जाएगी।सीवर कार्य करने वाले कर्मचारियों ने बताया कि दो वक्त रोटी की जुगाड़ में मौत के मुंह में जाना पड़ता है। विभागीय अधिकारियों को इनके जान की परवाह नहीं होती है। न तो इन्हें कोई सुरक्षा उपकरण दिया जाता है और न ही इनका बीमा कराया जाता है। ठेकेदार शराब पिलाकर सीवर चैंबर में उतार देते हैं।



# पार्किंग के नाम पर वाहन स्वामी को मंदिर पर दे दी गयी बोल्डर पर्ची

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**डाला सोनभद्र ।** जहां हाइवे के डायवर्जन से लोग परेशान थे वही बताया जा रहा है कि सड़क के डायवर्जन के बाद श्रधालुओ को गाड़ी पार्किंग को लेकर समस्या न उतपन्न हो इसके




डाला स्थित वैष्णो मंदिर के पास दर्शनार्थियों के लिए पार्किंग की समस्या करने लगी है। जिसको लेकर सुविधाओ के नाम जनहित को गुमराह करने का मामला प्रकाश में आया। शनिवार की दोपहर में दर्शनार्थी दर्शन के लिए गए जहाँ गाडी पार्किंग के लिए शुल्क तो लिया गया परन्तु उन्हें खादान की बोल्डर पर्ची थमा थी गयी । जिसको लेकर तीखी नोक झोंक भी हो गयी। लिए मंदिर समिति द्वारा पार्किंग की व्यवस्था की गई है। वही श्रद्धालुओं को गाड़ी खड़ा करा कर बोल्डर की पर्ची थमा देना लोगों के लिए चर्चा का विषय बन गया। बोल्डर पर्ची के बाद हुई झड़प पर श्रद्धालु ने बताया कि मंदिर के नाम पर आस्था के साथ खेलवाड़ किया जा रहा है।वही मंदिर परिसर में दुकानदारों से भी लिया जा रहा है पार्किंग शुल्क।

# एमवीएम स्कूल से निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान के लिए वोटरों को प्रेरित करने की मुहिम शुरू हो गई है। लोकसभा निर्वाचन- जा रहा है। एमवीएम स्कूल के बच्चों ने माइक के माध्यम से सभी मतदाताओं से मतदान दिवस सातवें चरण 1 जून 2024 को मतदान करने की अपील किया। इसके



2024 के लिए शत-प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मां वैष्णों मॉडर्न पब्लिक स्कूल सोनभद्र से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह व उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहदेव मिश्रा के निर्देश पर जनपद में मतदाता जागरूकता अभियान के क्रम में रैली निकाली जा रही है। इसके माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक भी किया पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्यदेव श्रीवास्तव व उमाकांत शुक्ला ने विद्यार्थियों को मतदान के लिए शपथ दिलाई। प्रबंधक रमाशंकर दूबे ने कहा कि एक जून को पहले मतदान, फिर जलपान आदि स्लोगन के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर ऋचा पाण्डेय, अमित पटेल, अखिलेश तिवारी, विनय कुमार, समय नाथ, किरण शुक्ला, सोहन पाठक आदि रहे।

# ब्लड डोनेट करते हुए दिया एक संदेश

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** सेवा भारती समिति सोनभद्र द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन ब्लड बैंक सोनभद्र पर आयोजित किया गया। 17 लोगों ने रक्तदान किया। जिला प्रचारक जी ने बताया की सेवा भारती एक व्हाट्सएप ग्रुप बना रहा है जिसमें रक्त देने वाले व्यक्तियों की सूची रहेगी और उनका ब्लड ग्रुप भी लिखा रहेगा आवश्यकता पड़ने पर ऐसे व्यक्तियों को जरूरतमंदों को



देवदत्त रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। जिला प्रचारक जी ने बताया कि रक्तदान दुनिया में सबसे बड़ा दान है किसी अति आवश्यक व्यक्ति को रक्त देकर उसको मृत्यु से बचाया जा सकता है रक्तदान देने से किसी प्रकार का कोई स्वास्थ्य में गड़बड़ी नहीं होती हर व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। नगर प्रचारक धनंजय स्वयं रक्तदान कर कर लोगों को प्रेरित किया ।इस अवसर पर जिला सेवा प्रमुख नीरज रक्तदान करके पुण्य के भागी बनेंगे । सेवा भारती समिति के अध्यक्ष विजय जैन आए हुए सभी रक्तदाताओं का स्वागत किया विभाग सेवा प्रमुख श्रीमान अवध जी इस अवसर पर उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में नगरसेवा प्रमुख अखिलेश नगर कार्यवाह महेश शुक्ला सह नगर कार्यवाह बृजनंदन नित्यानंद अवधेश जी मृत्युंजय आशुतोष कीर्तन अनिल सिंह जी उपस्थित रहे।

# सांगठनिक विस्तार एवं विश्व हिन्दू परिषद पदाधिकारी के साथ बैठक संपन्न

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** विश्व हिन्दू परिषद, विधि प्रकोष्ट, काशी प्रान्त, (विंध्य क्षेत्र ) में योजना बैठक, जनपद न्यायालय, सोनभद्र मुख्यालय, रावट्?सगंज के बार एसोसिएशन सभागार में रविवार को सम्पन हुई। उक्त बैठक में विश्व हिन्दू परिषद विधि प्रकोष्ठ पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र संयोजक बृजेंद्र ने अपने मुख्य वक्ता के रूप समग्र रूप से हिन्दु हितों की रक्षा की जा सके, लैण्ड जिहाद पर प्रभावी रूप से रोक लगाने एक सामाजिक समरसता का देश, समाज के सभी वर्गों के वायकत्ताओं के मध्य आपसी समन्वय पर विस्तृत चर्चा की। उक्त बैठक में काशी प्रान्त के जनपद भदोही,चन्दोली, जौनपुर व वाराणसी, प्रयागराज के संयोजक व कार्यकारिणी केसभी सदस्य उपस्थित



में सम्बोधित करते हुए विश्व हिन्दू परिषद विधि प्रकोष्ठ के गठन के उद्देश्यएवं विधि प्रोष्ठ के सांगठनिक विस्तार एवं विश्व हिन्दू परिषद के विभिन्न आयामों के साथ उसके समन्वय तथा समाज के सभी निचले वर्गों के अधिवक्ताओं को विधि प्रकोष्ठ में प्रतिनिधित्व देने पर विस्तृत रूप से चर्चा की। क्षेत्र संयोजक जी ने कहा कि समाज के सभी जातियों/वर्गों के अधिवक्ता भाइयों को समान से रूप प्रतिनिधित्व एवं कमजोर वर्गों के अधिवाओं को सम्मिलित करने एवं रहे।विधि प्रकोष्ठ काशी प्रान्त के सह संयोजक बृजेश प्रताप सिंह, एवं ओ. पी. सिंह, अवध प्रान्त के संयोजक डॉ. संजय सिंह, सह संयोजक अर्जुन कलहंस जी ने अपने विचार रखे। सभा का संचालन सोनभद्र के संयोजक अमित चंदेल जी ने की।बैठक में अरुण प्रताप सिंह, ओ. पी गोयल, पूनम सिंह, राम चंद्रा मिश्र, नरेंद्र पाठक, चंद्रा प्रकाश दुवेदी, काँती ब्राह्मशाह, स्वामी ध्यानानंद जी, अतुल पटेल पावना पटेल जैसे वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थिति रहे।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का विद्यालयों, ग्राम पंचायतों में किया गया आयोजन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**डाला सोनभद्र ।** जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह के निर्देशन में आज विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जनपद के घोरावल विकास खण्ड में आयोजित किया गया, गत चुनावो में अपेक्षित प्रतिशत से कम मतदान वाले समस्त चिन्हांकित बूथों हेतु मतदाता जागरूकता अभियान संचालित कराने क्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद यादव , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक , घोरावल एसडीएम राजेश सिंह , अशोक कुमार सिंह (खण्ड शिक्षा अधिकारी) की अगुवाई में शनिवार को सोनांचल इंटरमीडिएट कॉलेज घोरावल एवं पीएम विद्यालय घोरावल के छात्र-छात्राओं के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सर्वप्रथम जिला विद्यालय निरीक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं एस0 डी0 एम0 द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर स्वीप नोडल शिक्षक आनंद त्रिपाठी द्वारा उपस्थित अधिकारी गणों ,शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं जनसमूह को मतदान हेतु शपथ दिलाई गई साथ ही स्वयं मतदान करने एवं आसपास के लोगों को मतदान हेतु जागरूक करने का संदेश भी दिया गया। सोनांचल महाविद्यालय की छात्रा रिया कुमारी द्वारा मतदान के महत्व एवं राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका पर अपने विचार रखे गए।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक द्वारा जागरूकता के अंतर्गत बताया गया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु विद्यालय के बच्चों सहित शिक्षक शिक्षिकाओं व समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को जन जागरण के इस कार्यक्रम में लगाया गया है, यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में छूट गया हो तो संबंधित बीएलओ के माध्यम से अपने मतदाता पहचान पत्र का निर्माण करा ले । एसडीएम घोरावल राजेश कुमार द्वारा उपस्थित जनों को मतदान हेतु जागरूक करते हुए बताया गया कि दिव्यांगजनों एवं 85 से अधिक आयु के मतदाताओं हेतु भी विशेष सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपने संबोधन में समस्त छात्राओं को अपने घर, परिवार पास पड़ोस के समस्त मतदाता जनों को मत दिलाने में सहयोग करने हेतु उत्साहवर्धन दिया।आज के इस आयोजन में विद्यालय द्वय के छात्र-छात्राओं के मध्य मतदान जागरूकता हेतु रंगोली प्रतियोगिता आयोजित कराई गई, जिस हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी गण द्वारा सभी छात्राओं को उनके प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी । आज के इस आयोजन में सोनांचल महाविद्यालय के प्रधानाचार्य ,शिक्षक शिक्षिकाएं, एसआरजी संजय मिश्र एवं विनोद कुमार सहित राष्ट्रीय शैक्षिक महान संघ के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार त्रिपाठी जी, संकुल शिक्षक सुनील माथुर के साथ जनपद के दोनो स्वीप नोडल आनंद त्रिपाठी एवं अनिल पासवान ( प्रवक्ता, राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज ) एवं सैकड़ो की संख्या में जनमानस ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को पूर्णता प्रदान की।

# नवरात्रि ईद को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में नवरात्र और ईद को लेकर धर्म गुरुओं के साथ पुलिस ने की बैठक । नवरात्र और ईद को लेकर कार्यवाही की जाएगी। वहीं सीओ सिटी राहुल पाण्डेय ने कहा कि नगर पालिका के कर्मी नगर में घूमते रहे और छुट्टे मवेशियों को गौशाला में ले जाकर रखेंगे ।



रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में रविवार को बैठक की गई । अध्यक्षता कर रहे एएस्रू कालू सिंह ने कहा कि सभी लोग धूमधाम से त्योहार मनाए। चेतावनी देते हुए कहा कि कोई व्यक्ति अशांति का माहौल पैदा करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी बैठक में मौजूद नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन विजय जैन सहित अन्य लोगों ने शीतला मंदिर के आसपास से अतिक्रमण को हटवाने के साथ ही नगर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने की मांग किया।

# जिलाधिकारी ने नवरात्र मेला के दृष्टिगत कालीखोह व अष्टभुजा क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**मीरजापुर।** 06 अप्रैल 2024- जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज आगामी 08/09 अप्रैल 2024 की मध्य रात्रि से प्रारम्भ होने वाले



चैत्र नवरात्र मेला के लिये चल रहे तैयारियो का कालीखोह, अष्टभुजा पहाड़ी व अष्टभुजा के नीचे प्रयागराज मार्ग की तरफ भ्रमण कर साफ सफाई, हटाये जाने वाले अतिक्रमण आदि का निरीक्षण किया। कालीखोह में यात्रियों की सुविधा के लिये दर्शन हेतु लगने वाले लाइन वाले मार्गो में धूप से बचने के लिये टेन्ट लगवाने का निर्देश दिया तथा कालीखोह मन्दिर से लगभग 500 मीटर पहले बैरीकेटिंग लगाकर समस्त वाहनो के प्रवेश पर प्रतिबन्ध लगाने का निर्देश देते हुये कहा कि ड्यूटी में तैनात अधिकारियों के अलावा के सभी के वाहन वाहन स्टैण्ड पर खड़े किये जाए कोई भी प्राइवेट वाहन अन्दर नही जायेगा वाहन स्टैण्डो पर रेट बोर्ड लगा हुआ पाया गया। कालीखोह मन्दिर में दर्शन के लिये बैरीकेटिंग, प्रकाश व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया गया तत्श्चात अष्टभुजा पहाड़ी पर एवं नीचे से सीढ़ियों के रास्ते अष्टभुजा देवी का दर्शन करने जाने वाले यात्रियों की छायादार व्यवस्था का निर्देश दिया तथा दुकानदारों को हिदायत दी गयी कि अपने दुकान का सामान अपनी सीमा के अन्दर ही रखे। सड़को पर अतिक्रमण न करे ताकि यात्रियों के आने जाने में असुविधा न हों। अकोढ़ी की तरफ अष्टभुजा के नीचे बनाये गये रैन बसेरा में मैटी व गद्दा भी बिछाने का निर्देश दिया। रोपवे व रोपवे के सामाने तालाब के किनारे व रापवे मार्ग की सफाई कराने का निर्देश देते हुये कहा कि रोपवे पर पहुंचने के लिये सांकेतक बोर्ड लगाया जाए।

# बिजली विभाग के लापरवाही से फिर हुई एक युवक की मौत

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र ।** बिजली विभाग के लापरवाही से हो रही आए दिन मौत मामले में विभाग के आलाधिकारी कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया वहीं जिला अस्पताल में कुछ देर इलाज के बाद



कर रहे लीपा पोती नहीं हो पा रही विभाग के आला अधिकारियों पर कोई कार्रवाई। राजा मामला पनगूंज थाना क्षेत्र के नौडीहा गांव निवासी जयप्रकाश उम्र 21 वर्ष की पिता राधे श्याम जो बीते 21 दिन पूर्व रायपुर थाना क्षेत्र के नक पुर गांव में एल टी लाइन विद्युतीकरण कार्य में बिजली भाग के संबंधीत अधिकारियों द्वारा कार्य कराया जा रहा था इसी दौरान बिना सीड डाउन लिए पोल पर बिना सेफ्टी बेल्ट सुरक्षा के चढ़वाकर तार जुड़वाने का कार्य किया जा रहा था कि इसी दौरान करंट की चपेट में आ गया जिसे मौजूद वहां के आसपास के लोगों द्वारा आनन फानन में प्राथमिक चिकित्सालय वैनी में भर्ती चिकन को ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया वहां भी पीडि़तों राधेश्याम ने बताया कि तीन दिन इलाज के बाद हालत में सुधार ना देखते हुए हालत गंभीर देखने पर प्राइवेट हॉस्पिटल में उपचार करने को दिवस हो गए वहीं तमाम प्रयास के बावजूद भी 15 दिन इलाज करते करते अंत में पीडि़त शुक्रवार दोपहर बाद दम तोड़ दिया वहीं फिर तो ने डीएम को पत्र लिखकर मामले में उच्च स्टारी जांच करते हुए संबंधित बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की गुहार लगाई वहीं संबंधित पीडि़त परिजनों को उचित मुआवजा दिलाए जाने का किया अनुरोध।

# धूमधाम से भाजपा का स्थापना दिवस मना

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र ।** शनिवार को विधानसभा रावटसगंज के चुर्क मंडल स्थित शक्ति केंद्र पथरहां के बूथ संख्या 111 अटल उपवन ग्राम कैथी में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें भाजपा के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी के प्रतिमा पर जिला अध्यक्ष भाजपा सोनभद्र नंदलाल व नि वर्तमान जिला अध्यक्ष अजीत चौबे जी द्वारा माल्यार्पण किया गया इसके उपरांत बूथ समिति व पनन प्रमुखों के साथ बैठक संपन्न हुई इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा आज पूरे जनपद में स्थापना दिवस पूरे हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है हमारा बूथ मजबूत होगा तभी संगठन मजबूत होगा एवं नि



वर्तमान जिला अध्यक्ष अजीत चौबे ने बताया की 6 अप्रैल 1980 के बाद भारतीय जनता पार्टी निरंतर ऊंचाइयों का नया आयाम स्थापित कर रही है तथा यह पार्टी मानव मूल्य पर आधारित कार्य करती है जो समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास हेतु कृत संकल्पित है पंडित दीनदयाल उपाध्याय व स्व0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पद चिन्हों पर चलते हुए आज भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में भारत विश्व मनीषा में प्रथम पंक्ति में खड़ा है इस मौके पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष महेंद्र पांडे सुभाष पाठक मदन मोहन पाठक जितेंद्र सिंह सुखराज भारती दिलीप चौबे धर्मजीत बहादुर सिंह विनय पाठक वरुण त्रिपाठी एवं प्रमोद सिंह रामकृष्ण चौबे कन्हैया चौहान रामकुमार पटेल आदी मौजूद रहे ।

# थार ने बाइक में मारी जोरदार टक्कर, हादसे में एक युवक की मौत

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**आजमगढ़।** जिले के जहानागंज थाना के शाहदरिया गांव में एक थार वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। इसके बाद थार चालक ने मंदिर में वाहन लेकर भिड़ गया। लोगों ने उसका पीछा किया तो गाड़ी लेकर फरार हो गया। आजमगढ़ जिले के जहानागंज थाना के शाहदरिया गांव में थार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहानागंज के शाहदरिया निवासी नीलेश यादव रविवार को किसी काम से पैतृक गांव वसारिकपुर गया था।

# गांव गांव ग्रामीणों को करें जागरुक मतदान करने को दे जानकारी

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र ।** समाजवादी पार्टी की जिला मासिक बैठक जिला पार्टी कार्यालय पर संपन्न शनिवार को समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक अपने-अपने बूथ पर पहुंचकर लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदाताओं को जागरूक करने का काम करें और मतदान के दिन अधिक से अधिक मतदाताओं का मतदान




जिला पार्टी कार्यालय पर संपनन हुई जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने किया और संचालन जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने किया त् बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के एक-एक पदाधिकारी एवं सम्मानित कार्यकर्ता करने का कम करें जिससे अधिक से अधिक मतदान हो सके और इसी के साथ समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को विधानसभा वार सेक्टर वार बुथ वार बैठक करने की जिम्मेदारी सौंप गई त् बैठक को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रभारी राज नारायण उर्फ निराला कोल पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा रमेश चंद्र दुबे जितेंद्र कुमार परमेश्वर दयाल ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि अपने-अपने बूथ पर अधिक से अधिक वोट डलवाने का काम करें बैठक में मुख्य रूप से अनिल प्रधान महिला सभा जिला अध्यक्ष गीता गौर रमेश वर्मा श्याम बिहारी यादव महेंद्र राव पूर्व अध्यक्ष विजय यादव ,अशोक पटेल मुनीर अहमद राम प्यारे सिंह पटेल रमेश यादव वेदमादी शुक्ला जुबेर आलम अवध नारायण यादव परमेश्वर यादव विजय शंकर जायसवाल फारूक अली जिलानी यश कुमार प्रजापति प्रेम सिंह पटेल सुनील कुमार राज नारायण सुरेंद्र यादव संजय राजेंद्र दयाराम मौर्य राजमणि रवि मौर्य प्रमोद यादव जितेंद्र बिहार बाबुंदर रमेश सिंह सत्यम पांडे सुशील राय धर्मदेव रमेश लालू भारती गोपाल सनी पटेल राम सजीवन अमित सिंह शंभू नाथ भोले भगवान दास लाल व्रत धर्मेंद्र लाल भारती विजय शंकर लाल बहादुर पाल जगत पटेल बाबू हाशमी त्रिपुरारी संतोष पासवान के दारु विलास अमर सिंह अखिलेश उमेश जनक धारी बुद्धि नारायण शिवपूजन कामता कविंद्र प्रदीप कुमार कनौजिया अजय कुमार के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे ।


# थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा अवैध खनन/परिवहन करने मे संलिप्त 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र ।** वादी मनोज कुमार खान निरीक्षक सोनभद्र की तहरीरी सूचना के आधार पर थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0 189/24 धारा 186,279,379,411 भादवि व 4/21 खान व खनिज अधि0 व 3/58/72 उ0प्र0 उपखनिज परिहार नियमावली व 3 सार्वजनिक सम्पति क्षति निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया था । मुखबिरी सूचना के आधार पर ट्रक संख्या यूपी 60 टी 2405 के चालक बबलू कुमार पुत्र राम अचल नि0 ग्राम मानिकपुर थाना अहरौरा मीर्जापुर उम्र 30 वर्ष को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया है । **गिरफ्तारी का स्थान व दिनांक/समय-** दिनांक 05.04.2024 समय 14.30 बजे दिन मे स्थान मण्डी समिति थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभ **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-** बबलू कुमार पुत्र राम अचल नि0 ग्राम मानिकपुर थाना अहरौरा मीरजापुर उम्र 30 वर्ष **गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीमः-** 1.उ0नि0 विमलेश कुमार सिंह चौकी प्रभारी लोढ़ी थाना रा0गंज सोनभद्र 2. आरक्षी शिवचन्द पटेल थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र ।



# फ्री में कब, कहां और कैसे देखें चेन्नई सुपरकिंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु मैच लाइव जानें यहां

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 का शुक्रवार को आगाज होगा। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा।गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच शुक्रवार को आईपीएल 2024 का पहला मैच एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच का लाइव प्रसारण और स्ट्रीमिंग आप कब कहां और कैसे देख सकते हैं यहां जानकारी प्राप्त करें। आरसीबी के पास चेपॉक में अपना प्रदर्शन सुधारने का शानदार मौका होगा। चेन्नई सुपरकिंग्स का आरसीबी के खिलाफ रिकॉर्ड शानदार है। आईपीएल इतिहास में चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच कुल 31 मैच खेले गए हैं। सीएसके यहां स्पष्ट विजेता नजर आता है, जिसने 20 मुकाबले जीते। आरसीबी की टीम 10 मैच जीतने में कामयाब रही। एक मैच बेनतीजा रहा। एमए चिदंबरम स्टेडियम में सीएसके का आरसीबी के खिलाफ रिकॉर्ड शानदार है। सीएसके ने इस मैदान पर 7-1 की बढ़त बना रखी है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने चेपॉक स्टेडियम में 2008 से कोई मुकाबला नहीं जीता है। आरसीबी इस कसक को आगामी मुकाबले में तोड़ना चाहेगी। बता दें कि जब सीएसके और आरसीबी के बीच आखिरी भिड़ंत हुई थी जब एमएस धोनी के नेतृत्व वाली येलो ब्रिगेड ने 8 विकेट की आसान जीत दर्ज की थी। चलिए जानते हैं कि चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबले का लाइव प्रसारण और ऑनलाइन स्ट्रीमिंग आप कब, कहां और कैसे देख सकते हैं।के बीच आईपीएल 2024 का पहला 22 मार्च यानी शुक्रवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। के बीच आईपीएल 2024 का पहला मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 से शुरू होगा। टॉस आधे घंटे पहले होगा।



## स्टार स्पिन गेंदबाज ने लिया टूर्नामेंट से नाम वापस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** राजस्थान रायल्स के लेग स्पिनर एडम जांपा निजी कारणों से इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) से हट गए हैं। आस्ट्रेलिया के स्पिनर जंपा को राजस्थान रायल्स ने पिछले वर्ष की नीलामी से पहले 1.5 करोड़ रुपये में अपनी टीम में बनाए रखा था। आईपीएल 2024 के आगाज से ठीक पहले राजस्थान रॉयल्स को बड़ा झटका लगा है। राजस्थान के स्पिन गेंदबाज एडम जांपा ने निजी कारणों का हवाला देते हुए टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। जांपा ने पिछले सीजन खेले 6 मैचों में कुल 8 विकेट अपने नाम किए थे। राजस्थान को अपने पहले मैच में लखनऊ से भिड़ना है।

# आईपीएल फाइनल में पहुंचने के बाद आरसीबी क्यों नहीं जीत पाती खिताब 3 मौकों पर पड़ चुकी है करारी चोट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आरसीबी 8 बार प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। जिसमें 3 बार इस टीम ने फाइनल भी खेला है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आईपीएल 2024 में खिताब जीतने की उम्मीद है। आरसीबी उन चुनिंदा टीमों में शामिल है जिसने अब तक एक बार भी खिताब नहीं जीता है। खिताब के बेहद करीब पहुंचने के बावजूद वो चूक गई। आरसीबी की फैन फॉलोइंग जबरदस्त है लेकिन अब तक खिताब नहीं जीतने का मलाल उसे जरूर है। आरसीबी की महिला टीम ने हाल ही में डब्ल्यूपीएल खिताब अपने नाम किया मजबूत टीम होने के बावजूद भी खराब लक के कारण आरसीबी एक भी बार आईपीएल का खिताब नहीं जीत सकी है। ऐसे में साल 2024 में आरसीबी के फैंस को फिर एक बार अपनी टीम से काफी ज्यादा उम्मीदें है आइए जानते हैं आईपीएल फाइनल में आरसीबी किन 3 टीमों से हारी है।2009 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने डेक्कन चार्जर्स के खिलाफ अपना पहला फाइनल खेला था। इस मैच में एडम गिलक्रिस्ट की कप्तानी में डेक्कन चार्जर्स ने पहले खेलते हुए 6 विकेट पर 143 रन बनाएं थे। जवाब में अनिल कुंबले की कप्तानी वाली आरसीबी 9 विकेट पर सिर्फ 137 रन ही बना सकी थी। इस मैच में आरसीबी को 6 रनों से हराकर डेक्कन चार्जर्स पहली बार आईपीएल चैंपियन बना था। चेनन्ई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच 2011 का आईपीएल फाइनल खेला गया था। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए धोनी की कप्तानी वाली सीएसके ने 5 विकेटों पर 205 रन बनाए थे। जवाब में डेनियल विटोरी की कप्तानी वाली आरसीबी 8 विकेट पर सिर्फ 147 रन ही बना सकी थी। 2011 आईपीएल फाइनल में सीएसके ने आरसीबी को 58 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया था। 2016 में विराट कोहली की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर फिर एक बार फाइनल में पहुंची थी। इस बार फाइनल में आरसीबी का मुकाबला डेविड वॉर्नर की कप्तानी वाली सनराईजर्स हैदराबाद से हुआ था। फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआरएच ने 7 विकेटों पर 208 रन बनाया था। जवाब में आरसीबी की टीम 7 विकेटों पर सिर्फ 200 रन बना पाई थी। आरसीबी को 8 रनों से हराकर सनराईजर्स हैदराबाद पहली बार आईपीएल चैंपियन बना था 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की महिला टीम ने पहली बार आईपीएल का खिताब जीता है। ऐसे में फैंस को पुरुष आरसीबी टीम से भी यह उम्मीद है कि वो आईपीएल का खिताब जीतेंगें। अब देखना होगा कि 2024 का आईपीएल फाइनल क्या रिजल्ट लेकर आता है।



## चिंगारी लग चुकी है अब आग मुंबई टीम के कप्तानी विवाद को लेकर बड़ी बात कह गए हरभजन सिंह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के खेमे में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। आईपीएल 2024 के लिए हार्दिक पांड्या को कप्तानी सौंपने के फैसले का फैन्स जमकर विरोध कर रहे हैं। हाल ही में मुंबई ने एक वीडियो भी शेयर किया था, जिसमें रोहित शर्मा और हार्दिक गले मिलते हुए बिल्कुल सहज नजर नहीं आए थे। रोहित के हाव-भाव को देखकर लग रहा था कि वह टीम मैनेजमेंट के फैसले से खुश नहीं हैं। कप्तानी के इस विवाद को लेकर अब मुंबई के पूर्व खिलाड़ी हरभजन सिंह का भी बयान सामने आया है। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2024 के लिए टीम की कमान हार्दिक पांड्या के हाथों में सौंपी है। रोहित शर्मा 10 साल बाद इंडियन प्रीमियर लीग में बतौर खिलाड़ी मैदान पर उतरेंगे। हरभजन सिंह ने रोहित की जगह हार्दिक को टीम की कमान दिए जाने के फैसले पर अपनी राय रखी है। भज्जी का कहना है कि मुंबई एक साल के लिए इस फैसले को टाल सकती थी। भज्जी ने आगे कहा, ठहालांकि, एक चीज जरूर है, पांच बार टीम को चैंपियन बनाने वाले, लगभग वर्ल्ड कप को जीतने वाले कप्तान को हटाए जाना काफी चौंकाने वाला है। शायद यह फैसला एक साल के लिए टाला जा सकता था। काबिलियत के हिसाब से हार्दिक पांड्या काफी बढ़िया कप्तान हैं।



## शुरू होगा फटाफट क्रिकेट का रोमांच, आईपीएल की चमचमाती ट्रॉफी को पाने के लिए होगी 10 टीमों के बीच जंग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** चुनावी महासमर के बीच शुक्रवार से देश में फटाफट क्रिकेट का खुमार छाएगा। चेनन्ई में शुक्रवार को पांच बार की चैंपियन चेनन्ई सुपर किंग्स और रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच मुकाबले से इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के 17वें सत्र का बिगुल बजेगा। इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन का आगाज आज से होने जा रहा है। आईपीएल की ट्रॉफी को पाने के लिए कुल 10 टीमें एक-दूसरे से भिड़ती हुई नजर आएंगी। टूर्नामेंट के पहले मैच में चेनन्ई सुपर किंग्स की भिड़ंत रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ होगी। बीसीसीआई ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए अभी सिर्फ 21 मैचों का शेड्यूल जारी किया है। अगले दो महीने तक चलने वाले इस जलसे में 10 टीमें चमचमाती ट्राफी के लिए जोर लगाएंगी। फाइनल मुकाबला 20 मई को खेला जाएगा। लोकसभा चुनाव के कारण आइपीएल के पहले चरण के कार्यक्रम की घोषणा की गई थी, जिसके मुकाबले सात अप्रैल तक खेले जाएंगे। बीसीसीआइ शेष कार्यक्रम जल्द घोषित करेगा। ये दूसरी बार होगा जब लोकसभा चुनाव के साथ आइपीएल का आयोजन भारत में ही होगा। उद्घाटन मुकाबले से पहले एमए चिदंबरम स्टेडियम में रंगारंग कार्यक्रम होगा, जिसमें बालीवुड अभिनेता अक्षय कुमार, टाइगर श्राफ, संगीतकार एआर रहमान व गायक सोनू निगम प्रस्तुति देंगे।



## कौन है चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की पत्नी उत्कर्षा पवार क्रिकेट में खूब कमा चुकी हैं नाम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के लिए चेन्नई सुपरकिंग्स ने रुतुराज गायकवाड़ को कप्तान बनाया है। सीएसके ने गुरुवार को पुष्टि की है कि एमएस धोनी ने कमान रुतुराज गायकवाड़ को सौंपी। गायकवाड़ की आईपीएल यात्रा सीएसके के साथ शानदार रही है और उन्हें धोनी का उत्तराधिकारी माना जा रहा था। चेन्नई सुपरकिंग्स के नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की पत्नी उत्कर्षा पवार भी क्रिकेट खेल चुकी हैं। रुतुराज गायकवाड़ और उत्कर्षा पवार की शादी 3 जून 2023 को हुई थी। उत्कर्षा ने महाराष्ट्र के लिए क्रिकेट खेला है और वो दाएं हाथ से मध्यम तेज गेंदबाजी करती थीं। उत्कर्षा का नाम विमेंस प्रीमियर लीग की नीलामी में आया था। उनकी बेस प्राइस 10 लाख रुपये थी। रुतुराज गायकवाड़ की पत्नी उत्कर्षा पवार भी एक क्रिकेटर रह चुकी हैं। वो महाराष्ट्र टीम का कई स्तर पर प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। उत्कर्षा ऑलराउंडर हैं। उनकी दाएं हाथ की मध्यम तेज गति की गेंदबाजी काफी उपयोगी साबित होती थी। 2015 से लेकर 2018 तक उन्होंने महाराष्ट्र वेस्ट जोन अंडर-19 और वेस्ट जोन अंडर-23 का प्रतिनिधित्व किया। टीम इंडिया सी के लिए खेलना भी उत्कर्षा के लिए गर्व वाला पल रहा। जब से रुतुराज गायकवाड़ को कप्तान बनाया गया तो गूगल पर उनकी पत्नी के बारे में लोग खोज करने लगे। चलिए हम आपको रुतुराज गायकवाड़ की पत्नी के बारे में बताते हैं। रुतुराज गायकवाड़ ने 3 जून 2023 को उत्कर्षा पवार के साथ शादी की।



## लेस्बियन क्रिकेटर 'पत्नी' संग हुई रोमांटिक, इस खास मौके पर कपल ने एक दूसरे पर जमकर लुटाया प्यार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जेस जोनासन और सारा गुडरहम ने पिछले साल 6 अप्रैल को शादी की थी। रविवार को उनकी शादी की पहली सालगिरह थी। इस खास मौके पर लेस्बियन कपल रोमांटिक अंदाज में सोशल मीडिया पर दिखा। कपल की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जेस जोनासन और सारा गुडरहम ने 6 अप्रैल 2023 को हवाई में शादी के बंधन में बंधे थे। कपल अपनी शादी की पहली सालगिरह पर रोमांटिक नजर आए। रविवार को जेस जोनासन ने पतनी सारा के साथ एक खूबसूरत तस्वीर शेयर करते हुए खास संदेश लिखा। जेस और सारा बेस्ट फ्रेंड थी साल 2018 में दोनों ने सगाई कर ली थी।जेस जोनासन ने शादी की पहली सालगिरह पर पतनी सारा गुडरहम के लिए इंस्टाग्राम पर खास संदेश लिखा। जेस ने इस मौके पर लिखा, मेरी शानदार पतनी को शादी की पहली सालगिरह मुबारक, मैं बहुत आभारी हूं कि मुझे आपके साथ जीवन जीने का मौका मिला, यह विश्वास करना कठिन है कि हम पिछले साल इस समय हवाई के समुद्री तट पर थे। गौरतलब हो कि साल 2018 में दोनों ने सगाई की थी। इसके पहले उन्होंने फैसला किया था कि दोनों साल 2020 में शादी करेंगे। हालांकि, कोरोना की वजह से शादी में देरी हुई। इसके बाद साल 2023 में 6 अप्रैल को हवाई के समुद्री तट पर शादी के बंधन में बंध गए थे। सारा गुडरहम और जेस जोनासेन बेस्ट फ्रेंड थीं। शादी की खूबसूरत तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं।



# विराट कोहला का 'जबरा फैन' सुरक्षा को चकमा देकर मैदान में घुसा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** विराट कोहली देश में जहां भी जाते हैं, वहां उनकी एक झलक पाने के लिए फैंस में बेताबी देखने को मिलती है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स?टार खिलाड़ी के एक जबरा फैन ने शनिवार को सुरक्षा घेरे को चकमा दिया और बीच मैदान में घुस गया। वह विराट कोहली से गले मिला और फिर चुपचाप बाहर जाने लगा। विराट कोहली जहां भी जाते हैं उनके फैंस उनकी एक झलक पाने को बेताब दिखते हैं। विराट कोहली का एक जबरा फैन शनिवार को सवाई मानसिंह स?टेडियम में सुरक्षा घेरे को चकमा देकर बीच मैदान में घुस गया और अपने आदर्श क्रिकेटर से गले मिल लिया। इस फैन ने कोहली की आरसीबी जर्सी पहनी हुई थी। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। विराट कोहली ने अपने फैन को निराश नहीं किया और उससे गले मिले व सुरक्षा कमिन्यों को हिदायत दी कि प्रशंसक को बिना कोई हानी पहुंचाएं मैदान से बाहर ले जाएं। बता दें कि मैदान में घुसने वाले शख?स ने विराट कोहली की आरसीबी वाली जर्सी पहन रखी थी। कोहली और फैन के गले मिलने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। याद दिला दें कि यह पहला मौका नहीं जब कोई फैन सुरक्षा घेरे को तोड़कर बीच मैदान पर विराट कोहली से मिलने पहुंचा हो। आईपीएल 2024 में आरसीबी के पहले मैच में भी एक फैन सुरक्षा घेरे को तोड़र कोहली से मिलने बीच मैदान पर पहुंच गया था। इस फैन का एक और वीडियो बाद में वायरल हुआ था, जिसमें दिखाया गया कि सुरक्षा कमिन्यों ने उसकी जमकर कुटाई की थी। वहीं, रोहित शर्मा की फैन फॉलोइंग वानखेड़े स?टेडियम पर देखने को मिली थी। राजस?थान रॉयल?स के खिलाफ मुंबई इंडियंस के पूर्व कप?तान से मिलने के लिए एक फैन बीच मैदान पहुंच गया था। वो रोहित और ईशान किशन से गले मिलकर मैदान के बाहर चला गया था। विराट कोहली की बात करें तो निजी तौर पर राजस?थान रॉयल?स के खिलाफ मैच उनके लिए शानदार रहा। कोहली आईपीएल में 7500 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने। उन?होंने अपने करियर का आठवां आईपीएल शतक ठोका। कोहली के सिर पर आईपीएल 2024 की ऑरेंज कैप सजी हुई है। हालांकि, आरसीबी के प्रदर्शन में कोई सुधार नजर नहीं आया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को शनिवार को आईपीएल 2024 के 19वें मैच में राजस?थान रॉयल?स के हाथों 6 विकेट की शिकस?त सहनी पड़ी। आरसीबी की यह पांच मैचों में चौथी हार रही और वो प?वाइंट्स टेबल में आठवें स?थान पर है।





इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।

नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## पाकिस्तान की पूर्व कप्तान जावरिया खान ने लगाया 15 साल लंबे करियर पर ब्रेक, भावुक पोस्ट के साथ इंटरनेशनल क्रिकेट को कहा अलविदा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की पूर्व कप्तान जावरिया खान ने 15 साल लंबे इंटरनेशनल क्रिकेट पर फुल स्टॉप लगा दिया है। जावरिया ने 35 साल की उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहा। जावरिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भावुक पोस्ट शेयर किया। हालांकि, पाकिस्तान की स्टार बैटर विदेशी लीग में रंग जमाती हुई नजर आएगी। पाकिस्तान की पूर्व कप्तान जावरिया खान ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। जावरिया खान ने साल 2008 में इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना डेब्यू किया था। जावरिया ने पाकिस्तान की ओर से कुल 116 वनडे मैच खेले। इस दौरान खेली 113 पारियों में जावरिया ने 28.56 की औसत से 2885 रन बनाए। स्टार बैटर ने अपने एकदिवसीय करियर में दो शतक और 15 अर्धशतक जमाए। जावरिया खान ने साल 2008 में इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना डेब्यू किया था। जावरिया ने पाकिस्तान की ओर से कुल 116 वनडे मैच खेले। इस दौरान खेली 113 पारियों में जावरिया ने 28.56 की औसत से 2885 रन बनाए। स्टार बैटर ने अपने एकदिवसीय करियर में दो शतक और 15 अर्धशतक जमाए। जावरिया ने अपने टी-20 इंटरनेशनल करियर का आगाज साल 2009 में किया था। क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में जावरिया ने खेले 112 मैचों में 2018 रन जड़े। टी-20 क्रिकेट में जावरिया ने 10 फिफ्टी जमाई। बल्ले के साथ-साथ जावरिया ने गेंद से भी कमाल दिखाया। वनडे में जावरिया ने 17 और टी-20 में 11 विकेट अपने नाम किए। जावरिया खान पाकिस्तान की ओर वनडे और टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली दूसरी बैटर हैं। टीम की ओर से जावरिया से ज्यादा रन सिर्फ बिस्माह मारूफ ने बनाए हैं। जावरिया ने पाकिस्तान की तरफ से चार वनडे वर्ल्ड कप में हिस्सा लिया। इसके साथ ही वह आठ टी-20 विश्व कप में टीम का हिस्सा भी रहीं। जावरिया ने पाकिस्तान की 17 वनडे और 16 टी-20 मैचों में कप्तानी की। जावरिया साल 2010 और 2014 के एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाली पाकिस्तान टीम का भी हिस्सा रहीं।



# सम्पादकीय

## भारत में चुनावों की शुरुआत अंग्रेज ही कर गए थे

सबसे शुरुआती चुनावों में से एक 1892 का चुनाव था, जिसने भारत में प्रतिनिधि सरकार की शुरुआत को चिह्नित किया। 1909 और 1921 के चुनाव भी महत्वपूर्ण थे, क्योंकि वे शासन में भारतीयों की भागीदारी को धीरे-धीरे बढ़ाने के लिए ब्रिटिश सरकार द्वारा शुरू किए गए संवैधानिक सुधारों का हिस्सा थे। भारत की धरती पर इन संस्थाओं के क्रमिक विकास का इतिहास ईसा से हजारों साल पहले से मौजूद है। ऋग्वेद और अथर्ववेद में सभा (सामान्य सभा) और समिति (बुजुर्गों का घर) का उल्लेख मिलता है। इसके अलावा, ऐतरेय ब्राह्मण, पाणिनि की अष्टाध्यायी, कौटिल्य का अर्थशास्त्र, महाभारत, अशोक स्तंभ शिलालेख, बौद्ध और जैन ग्रंथ और अन्य ग्रंथों के अलावा हमारे इतिहास में उत्तर-वैदिक काल के दौरान कई गणराज्यों के अस्तित्व प्रमाण मौजूद हैं। लेकिन जहां तक हमारी आधुनिक संसदीय शासन प्रणाली और विधायी संस्थाओं का उद्भव तथा विकास का सवाल है तो इसे ब्रिटिश राज की विरासत जरूर माना जाएगा। भारत में 1857 की क्रांति के बाद ब्रिटिश सरकार द्वारा ईस्ट इंडिया कंपनी से भारत के शासन की बागडोर अपने हाथ में लिए जाने के बाद शुरू हुए प्रशासनिक सुधारों के साथ चुनावों की शुरुआत हो गई थी। सबसे शुरुआती चुनावों में से एक 1892 का चुनाव था, जिसने भारत में प्रतिनिधि सरकार की शुरुआत को चिह्नित किया। 1909 और 1921 के चुनाव भी महत्वपूर्ण थे, क्योंकि वे शासन में भारतीयों की भागीदारी को धीरे-धीरे बढ़ाने के लिए ब्रिटिश सरकार द्वारा शुरू किए गए संवैधानिक सुधारों का हिस्सा थे। 1919 के अधिनियम के तहत, इंपीरियल एसेंबली का विस्तार किया गया और एक द्विसदनीय विधायिका की शुरुआत की गई। निचला सदन 144 सदस्यों की विधान सभा थी, जिसमें से 104 निर्वाचित होते थे और 40 तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए नामांकित होते थे। ऊपरी सदन राज्यों की परिषद थी जिसमें 34 निर्वाचित और 26 नामांकित सदस्य होते थे और कार्यकाल पांच वर्ष का होता था। 1919 के अधिनियम में प्रशासन के विषयों को केंद्रीय और प्रांतीय के रूप में वर्गीत करने और प्रांतीय विषयों के संबंध में स्थानीय सरकारों को अधिकार हस्तांतरित करने का भी प्रावधान था और उन सरकारों को राजस्व और अन्य धन के आवंटन के लिए। ब्रिटिश शासन में जनता की भागीदारी के लिए चुनाव अवश्य हुए मगर इनमें जनता का वास्तविक प्रतिनिधित्व केवल नाममात्र का था और शासन पर असली नियंत्रण ब्रिटिश हुकूमत का ही था। सन् 1861 के इंडियन काउंसिल एक्ट ने भारत में विधान परिषदों के लिए चुनाव का एक सीमित रूप पेश किया कर दिया था। हालांकि, उस व्यवस्था के तहत मतदाता वर्ग बहुत छोटा था, जिसमें मुख्य रूप से धनी और प्रभावशाली व्यक्ति शामिल थे। उसके बाद 1892 के इंडियन काउंसिल एक्ट ने मताधिकार को थोड़ा विस्तारित किया, जिससे अपेक्षाकृत एक बड़े वर्ग के मतदाताओं को मतदान की अनुमति मिली। इससे विधान परिषदों में निर्वाचित सदस्यों की संख्या में भी वृद्धि हुई। इसी कड़ी में इंडियन काउंसिल 1909 (मॉर्ले-मिंटो सुधार) एक्ट एक महत्वपूर्ण सुधार था। जिसने मुसलमानों के लिए अलग निर्वाचन क्षेत्रों की शुरुआत की जिसका भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने विरोध स्वरूप चुनाव का वहिष्कार किया था। उस समय विधान परिषदों में निर्वाचित सदस्यों की संख्या में वृद्धि की गई थी। हालांकि, अधिकांश सदस्य अभी भी निर्वाचित होने के बजाय नियुक्त किए गए थे। उसके बाद 1919 का भारत सरकार अधिनियम (मोंटेगु-चेम्सफोर्ड सुधार) ने निर्वाचित भारतीय जन प्रतिनिधियों और ब्रिटिश अधिकारियों के बीच सरकार की शक्तियों को विभाजित करते हुए द्वैध शासन की अवधारणा पेश की। इसने मताधिकार का भी विस्तार किया, हालांकि यह मताधिकार भी संपत्ति की योग्यता के आधार पर सीमित था।शासन में जनता की भागीदारी के लिहाज से 1935 के भारत सरकार अधिनियम ने विधान परिषदों की शक्तियों का और विस्तार किया और प्रांतीय स्वायत्तता की शुरुआत की। इसने मताधिकार का भी उल्लेखनीय रूप से विस्तार किया, हालांकि इसमें अभी भी संपत्ति की योग्यता और अन्य कारकों के आधार पर सीमाएं थीं। इसी भारत सरकार अधिनियम-1935 के तहत भारत में 1937 में पहले बड़े चुनाव हुए थे। इस चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने कई प्रांतों में बहुमत हासिल किया। इस पूरी अवधि के दौरान, भारत में चुनावों का दायरा सीमित था और वे पूरी तरह से लोकतांत्रिक सिद्धांतों को प्रतिबिंबित नहीं करते थे। हालांकि, इन चुनावों ने स्वतंत्रता के बाद भारत में लोकतांत्रिक संस्थानों के विकास की नींव रखी।भारत सरकार अधिनियम, 1935 ने संघीय और प्रांतीय स्वायत्तता पेश की और केंद्र और प्रांतों के बीच विधायी शक्तियों के वितरण के लिए भी प्रावधान किए।

# इस्लामी पड़ोसियों से परेशान पाकिस्तान, अचानक मित्र बन गए शत्रु

पाकिस्तान के कुछ पड़ोसी, जो दशकों से मित्र थे, अचानक शत्रु बन गए। ईरान और अफगानिस्तान से हाल ही में पाकिस्तान की झड़प हो चुकी है, जबकि पिछले कुछ वर्षों से भारत-पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर युद्धविराम लागू करने का निर्णय लिया, जिसके कारण कई वर्षों से सीमा पर माहौल शांतिपूर्ण है। लोक ज्ञान कहता है कि कोई भी देश अपने पड़ोसियों को नहीं चुन सकता, उसे अपने पड़ोसियों के साथ सह-अस्तित्व में रहना होता है। वर्ष 2023 में पाकिस्तान के कुछ पड़ोसी, जो दशकों से मित्र थे, अचानक शत्रु बन गए, जबकि जिसे उसने हमेशा अपना दुश्मन माना, वह अच्छा मित्र बन सकता है। पाकिस्तान चार देशों से घिरा है, जिनमें से दो-ईरान और अफगानिस्तान इस्लामी मुल्क हैं। बाकी दो देश हैं-उसका सबसे करीबी सहयोगी चीन और उसके पूर्व में भारत, जिसके साथ नियंत्रण रेखा पर लगातार झड़पें होती रहती हैं। भारत की सीमा पर दोनों ओर से हमले होते रहे हैं, जिससे दोनों तरफ के कश्मीरियों और उनकी संपत्ति को भारी नुकसान हो रहा था। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि पिछले कुछ वर्षों से दोनों देशों ने नियंत्रण रेखा पर युद्धविराम लागू करने का निर्णय लिया। युद्धविराम संधि के कारण कई वर्षों से माहौल शांतिपूर्ण है। पाकिस्तान तब हैरान रह गया, जब कुछ हफ्ते पहले ईरान ने बलूचिस्तान के अंदरूनी इलाकों पर बमबारी की। जिन इलाकों पर बमबारी की गई, वे शहरों एवं कस्बों से बहुत दूर रेतीले रेगिस्तान और पहाड़ों में स्थित थे। ईरान ने कहा कि यह हमला पाकिस्तान के खिलाफ नहीं, बल्कि कुछ ईरान-विरोधी गुटों के खिलाफ था, जो पाकिस्तान से ईरान के खिलाफ आतंकवादी हमले करते थे। अगले ही दिन, पाकिस्तानी वायु सेना ने पाकिस्तान-ईरान सीमा पर हमला किया, जिसमें कई लोग हताहत हुए। पाकिस्तान ने कहा कि उसने ईरान के अंदर उन आतंकवादी शिविरों पर हमला किया, जिनका इस्तेमाल ये आतंकवादी पाकिस्तान के खिलाफ हमले करने के लिए करते थे। वैसे इस वाकये से हैरान ईरान ने अपनी ही सरकार के भीतर कुछ मजबूत तत्वों को दोषी ठहराया, जिन्होंने ईरान की घरेलू समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए इस अवसर का उपयोग करने की कोशिश की थी। पाकिस्तान को ईरान की प्रतिक्रिया से यह स्पष्ट हो गया कि वह सीमा के दोनों ओर पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों को सुधारना चाहता है और स्थिति नियंत्रण में प्रतीत होती है। जैसा कि एक विश्लेषक ने कहा, यह न केवल दोनों पड़ोसियों के लिए अच्छा है, बल्कि इस क्षेत्र के लिए भी अच्छा है। स्थिति को और अधिक बिगड़ने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि इसका प्रभाव पाकिस्तान की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के लिए विनाशकारी होगा। उसके बाद अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान का विवाद बढ़ गया, क्योंकि पाकिस्तान के उत्तरी इलाके वजीरिस्तान में तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने आतंकवादी हमला किया, जिसमें सेना के दो अधिकारी मारे गए और कई घायल हो गए। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने धमकी देते हुए कहा कि पाकिस्तान पर हुए इस हमले को गंभीरता से लिया जाएगा और पाकिस्तान इसका जवाब देगा। अगली सुबह पाकिस्तानी वायु सेना के बमवर्षकों ने अफगानिस्तान के भीतर हमला किया और टीटीपी के कुछ शिविरों को नष्ट कर दिया। हालांकि फिलहाल वहां शांति और सन्नाटा है। जब तालिबान ने काबुल पर कब्जा किया था, तो पाकिस्तान ने अंतरिम सरकार का स्वागत किया था। उसे उम्मीद थी कि एक बार नई सरकार काम करने लगेगी और कानून-व्यवस्था में थोड़ा सुधार होगा, तो वह यह सुनिश्चित करेगा कि टीटीपी अफगानिस्तान से पाकिस्तान की धरती पर आतंकी हमले न करे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पाकिस्तान ने यह संदेश देने के लिए हर कूटनीतिक उपायों का इस्तेमाल किया। कई उच्च स्तरीय सैन्य और असैन्य प्रतिनिधिमंडल काबुल गए। उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया था कि पाकिस्तान को किन बातों पर आपत्ति है और वह अफगानिस्तान की जमीन से आतंकवादी हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा। पर अफगानिस्तान ने इन चेतावनियों को नजरंदाज कर दिया है। अंततः पाकिस्तान ने हजारों अवैध अफगान शरणार्थियों एवं प्रवासियों को वापस भेज दिया, जिससे काबुल नाराज हो गया। फिर पाकिस्तान ने खैबर पख्तूनखा में लैंडीकोटल सीमा और बलूचिस्तान में चमन सीमा पर ट्रकों को गुजरने की अनुमति नहीं देते हुए व्यापार बंद कर दिया। तालिबान सरकार ने इसकी शिकायत की और आश्वासन दिया कि वह टीटीपी को नियंत्रित करेगी। फिलहाल टीटीपी के लगभग 6,000 आतंकवादी अपने परिवारों के साथ अफगानिस्तान में शरण लिए हुए हैं, जिनमें से अधिकांश को तब सैन्य अभियान चलाकर पाकिस्तान से बाहर कर दिया गया था, जब वे सख्त शरिया नियमों और पाकिस्तान के और भी इस्लामीकरण की मांग करने लगे। जैसा कि एक विश्लेषक का कहना है, 'टीटीपी वस्तुतः अपने अफगान समकक्ष अफगान तालिबान का विस्तार बन गया है और हैरानी की बात नहीं कि अमेरिकी युद्ध की समाप्ति और अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी के बाद पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में भारी वृद्धि हुई है।' टीटीपी के ताजा हमलों के बाद पाकिस्तान ने आतंकी हमलों के लिए सीधे तौर पर तालिबान शासन को जिम्मेदार ठहराया है। उत्तरी वजीरिस्तान में ताजा आतंकवादी हमले के बाद आईएसपीआर ने एक बयान में कहा, 'अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार न केवल आतंकवादियों को हथियार दे रही है, बल्कि अन्य आतंकवादी संगठनों के लिए सुरक्षित पनाहगाह भी प्रदान कर रही है और साथ ही पाकिस्तान में आतंकवादी घटनाओं में भी शामिल है।' ईरान और अफगानिस्तान, दोनों ने पाकिस्तानी वायु सेना की ताकत देखी है। पाकिस्तान की तुलना में ईरान की वायु सेना छोटी और कम प्रभावी है और वह इस बात को जानती है। अफगानिस्तान के पास वायु सेना है ही नहीं, लेकिन जवाबी कार्रवाई के तौर पर वह सीमा पार भारी जमीनी हथियारों का इस्तेमाल करेगा। पाकिस्तान में ऐसी आवाजें जोर-शोर से उठ रही हैं कि अफगान तालिबान के साथ और अधिक राजनयिक जुड़ाव की जरूरत है, क्योंकि दोनों पक्षों के ऐसे सैन्य अभियानों से क्षेत्रीय शांति पर भी गंभीर असर पड़ेगा। टीटीपी पर लगाम लगाने या उसे बाहर निकालने के लिए काबुल पर दबाव बनाना होगा, जो द्विपक्षीय संबंधों में गिरावट का कारण है। साथ ही, पाकिस्तान चीन जैसे दोस्तों और मजबूत सहयोगियों से उम्मीद करता है कि वे उसकी शिकायतों को अफगानिस्तान तक पहुंचाएं, जो वहां भारी निवेश कर रहे हैं।





# चीन है कि बाज नहीं आ रहा, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग करने की जरूरत

चीन की आक्रामक विस्तारवादी नीति पर अंकुश लगाने के लिए भारत को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उसे अलग-थलग करने की कोशिश करनी चाहिए।पिछले कुछ समय से चीन बार-बार भारत के अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत के नाम से पुकार कर भारत के साथ तनाव की स्थिति पैदा करना चाह रहा है। हालांकि भारत सरकार ने बार-बार इसका खंडन करते हुए दुनिया को बताया है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अटूट अंग है। अमेरिका ने भी कड़े शब्दों में चीन को चेताते हुए कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है, लेकिन चीन अपने रवैये से बाज नहीं आ रहा है। बीते आठ मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में सड़क संचार को बेहतर बनाने के लिए वहां पर सेला सुरंग मार्ग का उद्घाटन किया था। इस पर प्रतिक्रिया जताते हुए चीन ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अरुणाचल प्रदेश में इस तरह के कार्य नहीं करने चाहिए, क्योंकि यह दक्षिणी तिब्बत का क्षेत्र है। चीन के इस दावे का भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कड़े शब्दों में खंडन किया है और अरुणाचल प्रदेश पर अपने दावे को दोहराया है। कहने को तो चीन में कम्युनिस्ट शासन है, परंतु वास्तव में चीन में शी जिनपिंग की सरकार अब भी सामंतशाही प्रणाली की तरह काम कर रही है, जिसके कारण चीन की जनता त्रस्त है और वहां पर चारों तरफ तनाव देखने को मिलता है। अपनी विस्तारवादी नीति के तहत चीन ने पड़ोसी देशों की भूमि पर कब्जा करना शुरू किया और 1951 में तिब्बत पर कब्जा कर लिया। इसी नीति के तहत चीन ने अपने 16 पड़ोसी देशों की भूमियों पर अवैध कब्जे किए हैं।भी हमारी सरकार अरुणाचल प्रदेश में कोई भी विकास कार्य करती है, चीन आपत्ति जताने लगता है। लेकिन इस बार भारत के दावे की पुष्टि अमेरिका जैसी महाशक्ति देश ने भी की है और बहुत से पश्चिमी देश भी भारत के पक्ष में हैं। चीन और भारत के बीच में 3,488 किलोमीटर की सीमा है, जिनमें 1,597 किलोमीटर पूर्वी लद्दाख, 544 किलोमीटर हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड, 220 किलोमीटर सिक्किम तथा 1,126 किलोमीटर अरुणाचल प्रदेश में है! अरुणाचल की सीमा का अधिकांश भाग तिब्बत से सटा हुआ है! चीन के साथ लंबे समय से हमारा सीमा विवाद चल रहा है, जिसे चीन सुलझाना नहीं चाह रहा है। इसी के चलते चीन ने अक्तूबर 1962 में भारत पर हमला कर दिया, जिसके लिए भारतीय सेना तैयार न थी। नतीजतन भारत के अक्साई चिन क्षेत्र में 38,000 वर्ग किलोमीटर पर चीन ने अवैध कब्जा कर लिया, जिस पर वह आज तक कायम है! इसके बाद सिक्किम के नाथुला पर 1967 में चीन ने हमला किया, जिसका भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। फिर 1986 में अरुणाचल के सोमद्रोंचू नाम के क्षेत्र में चीन ने एक हेलीपैड बनाने की कोशिश की, जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया! इसके बाद भारत सरकार ने इस पूरे क्षेत्र में सड़क और पुलों का निर्माण किया, ताकि सेना के टैंक सीमा तक पहुंच सकें! सोमद्रोंचू की झड़प के बाद भारत और चीन के बीच तनाव कम करने के लिए वार्ताएं शुरू हुईं और 1993 एवं 1996 में चीन के साथ सीमाओं पर शांति बहाली के लिए समझौते किए गए! इन समझौतों में यह तय किया गया कि वास्तविक नियंत्रण रेखा के आसपास दोनों देशों के सैनिक बिना हथियारों के ही निगरानी करेंगे! लेकिन चीन बार-बार इसका उल्लंघन करता रहा है! हालांकि भारत ने चीन से लगती सीमा क्षेत्र में अपनी सैन्य तैयारी मजबूत की है और हवाई पट्टी, सड़क एवं पुलों का निर्माण किया है। दक्षिणी चीन सागर और हिंद महासागर में चीन की नौसैनिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए भारत ने अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वाड गठबंधन किया है। चीन भली-भांति भारत की तैयारी के बारे में जान चुका है, फिर भी वह समय-समय पर भारत से उलझने से बाज नहीं आ रहा है। जब तक चीन का कब्जा तिब्बत पर बना रहेगा, तब तक वह पूरे दक्षिण एशिया में भारत, बांग्लादेश और म्यांमार के लिए खतरा बना रहेगा। इसलिए भारत को मजबूती से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर तिब्बत पर चीन के गैरकानूनी कब्जे के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए! चीन को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बेनकाब करने से उसकी अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ेगा, जिसके दम पर वह एशियाई देशों को अपनी कर्ज नीति के जाल में फंसाने की कोशिश कर रहा है। ऐसा करने पर ही चीन की आक्रामक विस्तारवादी नीति पर अंकुश लगाया जा सकता है।




# लोकसभा चुनाव 2024: इस 'पहली बार' में छिपे हैं भविष्य के कई संकेत

पहली बार आचार संहिता के दौरान भी ईडी, सीबीआई के विपक्षी नेताओं पर छापे जारी हैं। पहली बार घोड़ा और घास की यारी की तर्ज पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस साथ हैं। पहली दफा विपक्ष के मन में यह डर है कि यह आम चुनाव कहीं आखिरी साबित न हों तो पहली बार मतदाताओं के मन में भी यह शंका कुलबुला रही है कि भविष्य विपक्ष ही नहीं बचा तो सरकार चुनने का अर्थ क्या रह जाएगा?बहुत कुछ पहली बार हो रहा है, इस आम चुनाव के दौरान। पहली दफा किसी पदासीन मुख्यमंत्री की घोटाले के आरोप में और वो भी देश में आदर्श आचार संहिता लागू रहते गिरफ्तारी हुई है। खुद को बेकसूर मानने वाले और फिलहाल ईडी की हिरासत में एक मुख्यमंत्री ने जेल से कार्यकारी आदेश जारी किया है। पहली बार किसी राजनीतिक पार्टी ने देश की राष्ट्रपति के खिलाफ याचिका दायर की है तो संभवतः पहली बार कोई प्रधानमंत्री आचार संहिता लागू रहते ही विदेश यात्रा पर गया है तो पहली दफा आचार संहिता लागू रहते किसी राज्य में मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ है।पहली बार एक राज्यपाल ने सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद एक मंत्री को पद की शपथ दिलाई है तो पहली दफा देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी ने गुहार लगाई है कि सत्तारूढ़ भाजपा ने उसके खाते सील कर दिए हैं, पार्टी के पास प्रचार तक के पैसे नहीं हैं। पहली बार आचार संहिता के दौरान भी ईडी, सीबीआई के विपक्षी नेताओं पर छापे जारी हैं। पहली बार घोड़ा और घास की यारी की तर्ज पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस साथ हैं। पहली दफा विपक्ष के मन में यह डर है कि यह आम चुनाव कहीं आखिरी साबित न हों तो पहली बार मतदाताओं के मन में भी यह शंका कुलबुला रही है कि भविष्य विपक्ष ही नहीं बचा तो सरकार चुनने का अर्थ क्या रह जाएगा?कुछ गौरतलब बातें और भी हैं। मसलन पहली बार चुनावों में एआई का प्रयोग हो रहा है तो पहली दफा यह है कि राजनीतिक पार्टियों के मुखौटों में परिवारवादी नेतृत्व और व्यक्तिवादी नेतृत्व में सीधा आमना-सामना है तो यह पहली बार है कि एक सत्तारूढ़ गठबंधन जीत के प्रति आश्वस्त होने के बाद भी बंपर जीत के लिए प्रयत्नों की पराकाष्ठा किए दे रहा है।यह भी पहली बार ही है कि अपने अस्तित्व पर आसन्न खतरे को भांप कर भी विपक्ष क्षुद्र स्वार्थों के जाल से पूरी तरह निकल नहीं पा रहा है। और यह भी कि देश के राजनीतिक फलक पर मूल्यविहीन टिकटजीवियों के सम्प्रदाय का निरंतर विस्तार होता जा रहा है। गोया समूचा परिदृश्य 'न भूतो' जैसा है 'भविष्यति' होगा या नहीं, कहना मुश्किल है। इसके पहले 1977 में आपातकाल के बाद हुए चुनावों में ऐसी स्थिति बनी थी, 'जब करो या मरो' की भावना के साथ विपक्ष एकजुट हुआ था और उसने श्रीमती इंदिरा गांधी की अजेय समझी जाने वाली सत्ता को उलट दिया था। ये अलग बात है कि विपक्ष की वो एकता सतही थी। लेकिन उसी के साथ भविष्य में कांग्रेस के धीरे- धीरे हाशिए पर जाने की पूर्व पीठिका तैयार हो गई थी।अगले तीन दशकों तक कांग्रेस केन्द्र में कभी अपने दम पर तो कभी गठबंधन की बैसाखी के सहारे सत्ता में आती रही। लेकिन 2014 में उसकी सत्ता में वापसी पर लंबा ब्रेक लग गया। अभी भी वह ऐसे मुद्दों की तलाश में है, जो उसे वापस सत्ता दिला सके। वो भरोसा, जिसके बूते खुद कांग्रेसी ही अपनी पार्टी में न्याय मिलने को लेकर आश्वस्त हो सकें। वो विश्वास, जो कांग्रेस के प्रति अल्पसंख्यकों से भी ज्यादा बहुसंख्यकों में था, कैसे लौट सके। कैसे पार्टी तुष्टिकरण के पूर्वाग्रह को लांघ कर सर्वजन हिताय के रथ में सवार हो सके। कैसे वह अपने ही अंतर्विरोधों को गटककर एक मजबूत और प्रतिबद्ध सेना के रूप में मतदाता के सामने आ सके।खतरे तो भाजपा के सामने भी हैं। महासागर का रूप ले चुकी पार्टी अब विचारों से ज्यादा सत्ताग्रही आचारों से नियंत्रित और संचालित हो रही है। अगर कांग्रेस को किसी दमदार नायक की तलाश है तो भाजपा के सामने एक अधिनायक की विराट छवि में खुद के गुम जाने का खतरा है।एक चेहरे पर अति निर्भरता उसे भविष्य में कांग्रेस की राह पर ले जा सकती है। भाजपा और संघ ने एक सुचिंतित रणनीति और लक्ष्य के तहत धर्मनिरपेक्षता की परतें उधेड़ कर उसमें बहुसंख्यक समाज की हैसियत और वर्चस्व को संस्थापित किया, लेकिन इसका अतिवाद खुद उसके अस्तित्व के लिए खतरे की घंटी बन सकता है। क्योंकि एकजुटता में ही अंतर्विरोधों के बीज छुपे होते हैं।बेशक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज देश के सबसे लोकप्रिय और दमदार नेता हैं। देश के मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग उनसे सम्मोहित है। लेकिन यह स्थिति भाजपा के सत्ता में लौटने की आश्वस्ति से ज्यादा पार्टी संगठन के हाशिए पर चले जाते जाने का अलार्म भी है, जिसे भाजपा और संघ में अंदरूनी तौर पर महसूस किया जा रहा है।अधिनायकत्व का बड़ा कारण अक्सर आत्ममुग्धता और अति आत्म विश्वास होता है। लेकिन पैरों से नीचे खिसकती जमीन का अहसास उसके खिसक जाने के बाद ही होता है, बशर्ते कि संगठन के कील कांटे समय पर ही दुरूस्त न कर लिए जाएं। वोटों की किसी भी कीमत पर गोलबंदी अगर लोकतंत्र की अनिवार्य बुराई है तो जनता के मानस का बदलना भी ठोस सच्चाई है। लोगों की बदलती, बढ़ती चेतना, अपेक्षाएं आशा और निराशा का भाव ही किसी न किसी राजनीतिक विचार के आवरण में जनाकांक्षा के रूप में उभरता है और मतदाताओं, समूहों को नए सिरे से गोलबंद करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### 4.5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, बाबा दरबार में भक्तों की लगी रही लंबी कतार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ धाम में इन दिनों भक्तों की लंबी कतार लग रही है। वहीं भक्तों को राहत देने के लिए मंदिर परिसर में जर्मन हैंगर और मैट की व्यवस्था की गई है। वहीं भीड़ और धूप को देखते हुए मंदिर की ओर से श्रद्धालुओं को नियमित रूप से ओआरएस का घोल पिलाया जा रहा है। श्री काशी विश्वनाथ धाम में रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंगला आरती से देर रात



तक आरती में साढ़े चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। भीड़ और धूप को देखते हुए मंदिर की ओर से श्रद्धालुओं को नियमित रूप से ओआरएस का घोल पिलाया जा रहा है। रविवार को सेवादारों ने 1734 ग्लास ओआरएस पिलाया। रविवार को मंगला आरती के बाद ही श्रद्धालुओं की कतार बाबा के धाम में लग गई। गोदौलिया से बांसफाटक तक श्रद्धालु धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे थे। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि तेज धूप के कारण दोपहर में कुछ श्रद्धालु अचेत हो गए थे। उनको पानी पिलाकर होश में लाया गया। इंस्पेक्टर चौक विमल मिश्रा ने बताया कि स्थानीय दुकानदारों की सूचना के आधार पर क्षेत्र में पुलिस टीम भेजी गई थी। मगर कोई गंभीर अवस्था में श्रद्धालु नहीं मिला। मंदिर प्रशासन का कहना था कि उन्होंने भी श्रद्धालुओं के अचेत होने की सूचना पर जांच कराई थी, लेकिन कोई भी श्रद्धालु ऐसा नहीं मिला। मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि दो दिन से धाम के सेवादार श्रद्धालुओं को पानी और ओआरएस पिला रहे हैं। छोटे बच्चों को तो अनिवार्य रूप से ओआरएस दिया जा रहा है। छह अप्रैल को 983 ग्लास ओआरएस श्रद्धालुओं को पिलाया गया।

# किसान नेता भानु प्रताप सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा ।** में तथाकथित किसान नेता ठाकुर भानू प्रताप सिंह के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई लोकसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन करने के लिए पत्र दिया था। इस बात की जानकारी मिलने पर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वह भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर ही भाजपा को अपना समर्थन दे रहे हैं। भाकियू भानु के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा फ




है। ठाकुर भानू प्रताप सिंह के द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा भारतीय जनता पार्टी भाजपा को गाली देने का ऑडियो खूब वायरल हो रहा हैं। ठाकुर भानू प्रताप सिंह के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराने की मांग नोएडा में हुई एक प्रेस.कांफ्रें स में की गई। आपको बता दें कि सेक्टर.29 में नोएडा मीडिया क्लब स्थापित है। शनिवार को नोएडा मीडिया क्लब में एक प्रेस.कांफ्रे ंस आयोजित की गयी है। नोएडा में हुई प्रेस कांफ्रे ंस में ठाकुर भानू प्रताप सिंह के संगठन भारतीय किसान यूनियन भानू के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक देवेंद्र कुमार त्यागी ने बताया कि उन्होंने यूनियन के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री चौधरी महेंद्र सिंह के साथ दिल्ली जाकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को आगामी ठाकुर भानु प्रताप सिंह नाराज हो गए। उन्होंने आगे बताया कि 1 अप्रैल को वह अपने साथियों के साथ ग्रेटर नोएडा स्थित जीएल बजाज कॉलेज में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा में हिस्सा लेने के लिए भी पहुंचे थे। इस दौरान ठाकुर भानु प्रताप ने उन्हें फ ोन कॉल की और वार्तालाप के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा भाजपा को गंदी गाली देकर अभद्र शब्दों का प्रयोग किया। भारतीय जनता पार्टी को समर्थन दिए जाने पर उन्हें ठाकुर भानु प्रताप सिंह द्वारा धमकाया गया। देवेंद्र त्यागी के मुताबिक यूनियन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राष्ट्रीय प्रचार मंत्री द्वारा भी उन्हें व्हाट्सएप पर जान से मारने की धमकी दी गई है। उन्होंने कहा कि ोन पर गाली गलौच व अभद्र व्यवहार करने के आरोप में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने के लिए शिकायती पत्र दिया गया है। गाली दिए जाने की वायरल ऑडियो की भी उन्होंने निष्पक्ष जांच कराये जाने की मांग की है। इस मौके पर भाकियू भानू के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री चौधरी महेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुरेंद्र त्यागी, निर्दोष त्यागी, सुभाष, मनोज कुमार त्यागी आदि मौजूद थे। नोएडा में हुई प्रेस कांफ्रें स में किसान नेता देवेन्द्र कुमार त्यागी तथा चौ0 महेन्द्र सिंह ने एक पत्र भी पत्रकारों को सौंपा। यह पत्र उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखा गया है। किसान नेताओं का वह पत्र हम यहां ज्यों का त्यों प्रकाशित कर रहे हैं।

# भाजपा ने स्थापना दिवस नोएडा के अपने सभी शक्ति केंद्रों पर मनाया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा ।** भाजपा का स्थापना दिवस पूरी नोएडा में ज़ोर शोर से मनाया। नोएडा के आठों मंडलों के सभी बूथ पर स्थापना दिवस मनाया गया। इसकी के चलते आज सुल्तानपुर के बूथ नंबर 724 पर जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता के साथ डा नरेश शर्मा भी रहे। इस मौक़े पर मनोज गुप्ता ने कहा कि हमारी पार्टी देश को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, जातिवाद, सांप्रदायिकता और वोट बैंक की राजनीति से मुक्त करने के लिए संकल्पबद्ध है। आज भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं का हम सबको अभिनंदन करना चाहिए, जिनके अथक परिश्रम के बलबूते पर आज भाजपा को भारत की ही दुनिया का नंबर वन राजनीतिक दल बनाया है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रही है. इस पुनीत कार्य में हमें जनता-जनार्दन का आशीर्वाद भारत के हर कोने से मिल रहा है। इसके साथ ही सभी ने ग्राम सुल्तानपुर, रायपुर, असगरपुर, बख्तावरपुर में जनसंपर्क भी किया। इस मौक़े पर जिला महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, महेश चौहान, उमेश यादव, प्रदीप चौहान, सत्यप्रकाश त्यागी, नरेंद्र त्यागी, जगदीश शर्मा, महेश चौहान, सुरेंद्र त्यागी, राजकरण त्यागी, नथुराम त्यागी, राहुल त्यागी, विजय त्यागी, धर्मेंद्र शर्मा, विकाश कुंडिया, विकाश शर्मा, सूरजपाल राणा, नीरज चौहान, केशव पंडित, पुष्कल गुप्ता, अंकुश चौधरी, सतपाल अवाना, संदीप अवाना, भगत भाटी, विपिन तवर, सुदेश अवाना, पाले प्रधान, राजवीर प्रधान मौजूद रहे।

# सम्पन्न हुआ लायन्स क्लब अधिवेशन उदय उपमण्डलाध्यक्ष निर्वाचित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा ।** मण्डल 321ि के मण्डलाध्यक्ष लायन जे एन अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक (एण्डोर्सी) लायन विनय मित्तल जी, पूर्व काउन्सिल चेयरपर्सन लायन रमन साथ जोड़कर हम अपने से कम भाग्यशाली लोगों की यथासम्भव मदद कर सकते हैं। उन्होंने आगे




श्रीवास्तव के नेतृत्व में मण्डल का 38 वाँ अधिवेशन मनाली की सुन्दर वादियों में सम्पनन्न हुआ। मुख्य अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक लायन जितेन्द्र सिंह चौहान जी, विशिष्ट अतिथि मल्टीपल काउन्सिल चेयरपर्सन लायन अभिनव सिंह जी, गुप्ता जी की गरिमयी उपस्थिति में अधिवेशन का दो दिवसीय आयोजन स्मरणीय हुआ। प्रथम दिवस उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि ने अपने प्रभावशाली उद्बोधन में कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय संस्था लायन्स क्लब का सदस्य होना बड़े ही गौरव की बात है। सेवा प्रकल्प को जीवन के कहा कि हम आलोचनाओं से दूर रहकर अपने आचरण को शुद्ध और परिमार्जित रक्खें। दूसरे दिवस परेड निकाली गई, उसके उपरांत दिवंगत हुए लायन सदस्यों को श्रद्धांजलि के उपरान्त बिज़नेस सेशन में विभिनन्न कार्य समितियों के चेयरपर्सन द्वारा मण्डल की आख्या की प्रस्तुति हुई। तत्पश्चात निर्वाचन की प्रक्रिया सम्पनन्न हुई। जिसमें सत्र 2024-25 के लिए मण्डलाध्यक्ष लायन बलबीर सिंह बग्गा, उपमण्डलाध्यक्ष प्रथम लायन डाक्टर अर्पण धर दुबे एवम उपमण्डलाध्यक्ष द्वितीय लायन उदय चन्दानी चुने गए। लगभग तीस जिलों से पधारे पूर्व मण्डलाध्यक्षों, लायन सदस्यों एवम अभ्यागतों का लायन उदय चन्दानी ने हर तरह से भरपूर स्वागत और अभिनन्दन किया। आयोजन के समापन पर अधिवेशन चेयरपर्सन लायन वीरेन्द्र गोयल ने अधिवेशन कोचेयरपर्सन लायन उमेश चन्द्र कक्कड़ के साथ सहभागिता करने वाले अतिथियों एवं लायन सदस्यों का आभार व्यक्त किया। अनिल जायसवाल, जगमोहन, हिमांशु गुप्ता, डॉ विवेक मिश्रा, डॉ राकेश, ऋषि, मनोज खरे, नितिन यथार्थ,निधि कुमार, बाला जी, बृजेन्द्र बाजपेयी कुँवर बी एम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### न्यायिक अभिरक्षा से आठ वर्षों से फरार 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** जनवरी 2016 में नैनी जेल में निरुद्ध बंदी न्यायालय में पेशी के लिए ले जाए जा रहे थे। रास्ते में बालसन चौराहे के पास प्रिजन वैन का गेट खोलकर 12 बंदी फरार हो गए थे। दरअसल, रास्ते में काफी जाम लगा था स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने न्यायिक अभिरक्षा से आठ वर्षों से फरार 50 हजार के इनामी संतोष कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। उसे मऊआइमा से शनिवार शाम पकड़ा गया। उस पर 50 हजार का इनाम घोषित था। वह 2016 में नैनी जेल से पेशी पर लाते समय फरार हुए 12 बंदियों में से एक था जनवरी 2016 में नैनी जेल में निरुद्ध बंदी न्यायालय में पेशी के लिए ले जाए जा रहे थे। रास्ते में बालसन चौराहे के पास प्रिजन वैन का गेट खोलकर 12 बंदी फरार हो गए थे। दरअसल रास्ते में काफी जाम लगा था। सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी जाम छुड़ाने में लग गए। इसी दौरान मौका देखकर पुलिस वैन का गेट खोलकर 12 बंदी फरार हो गए थे।

# सेक्टर और सोसायटी में पहुंचकर सपाइयों ने डॉ महेंद्र नागर के लिए मांगे वोट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा ।** नोएडा समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने रविवार को सेक्टर-100 सेंचुरी अपॉर्टमेंट, गेझा गांव, याकूबपुर, इलाहाबास गांव पहुंचकर गौतमबुद्धनगर सीट से गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. महेंद्र नागर के



समर्थन में वोट मांगने का काम किया। चुनाव प्रचार के दौरान डॉ. महेंद्र नागर की पुत्री डॉ. निधी नागर मौजूद रही। सपा महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर सपा शासनकाल में हुए विकास कार्यों के सात नोएडा में हुए कामों के बारे में बताया। वहीं केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ निशाना साधा। डॉ निधी नागर ने कहा कि आज देश का लोकतंत्र खतरे में है, इसे बचाने की जरूरत है। विपक्षी नेताओं को भाजपा में शामिल होने को मजबूर किया जा रहा है, इसके लिए विभिनन्न हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। यह तानाशाही है। सपा इसका जवाब देगी। पिछले 10 वर्षों से देश एक ऐसी सरकार के हाथों में है, जिसने बेरोजगारी, आर्थिक संकट, मुद्रास्फीति और असमानता को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आज हमारे देश का लोकतंत्र खतरे में है। लोकतांत्रिक संस्थाओं को नष्ट किया जा रहा है और संविधान को बदलने की साजिश रची जा रही है। वहीं महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव दो विचारधाराओं के बीच होने जा रहा है। केंद्र सरकार ने अपनी गलत नीतियों के जरिए हमारी संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए बनाई गई देश की बड़ी संस्थाओं को कमजोर कर दिया गया है। आज स्थिति ऐसी है कि लोगों को इन पर भरोसा नहीं है। आज बेरोजगारी चरम पर है। गरीबों और किसानों की सुनने वाला कोई नहीं है। बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। राज्य में पेपर लीक हो रहे हैं। चुनावी बॉन्ड योजना दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला है। पिछले दस सालों से देश में किसान परेशान हैं। देशभर में कर्ज में डूबे 30 किसान प्रतिदिन आत्महत्या कर रहे हैं। मोदी सरकार ने अमीरों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया है, जबकि गरीब किसानों का एक रुपया भी कर्ज माफ नहीं किया गया है। पिछले दस साल में देश के करोड़ों लोग गरीब हो गए हैं। भाजपा भले ही अबकी बार चार सौ पार का दावा कर रही हो, लेकिन इस चुनाव में वह मुकाबले से बाहर है। 2004 में इंडिया शाइनिंग प्रचारित किया गया था, इस बार भी ऐसा की किया जा रहा है, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि उस वक्त लोकसभा चुनाव में किसकी जीत हुई थी। यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास करने वालों और संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा करने का प्रयास करने वालों के बीच है। भाजपा ने ईडी-सीबीआई जैसी तमाम संस्थाओं पर कब्जा कर फाइनेंशियल एकाधिकार बना लिया है, लेकिन अब इलेक्टोरल बॉन्ड से सारी जानकारी सामने आ गई है। विपक्षी गठबंधन ने फैसला किया गया है कि हम विचारधारा के आधार पर एकजुट होकर लड़ रहे हैं।

# बुनियादी हक अधिकारों व लोकतंत्र को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के पक्ष में करें मतदान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा ।** नोएडा भाजपा हराओ, देश व लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत सीटू व भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के कार्यकर्ताओं की बैठक भंगेल फेस-



2, नोएडा व सूरजपुर ग्रेटर नोएडा पर कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में भाजपा हराओ, देश बचाओ अभियान को तेज करने का संकल्प लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए माकपा जिला प्रभारी व सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि अपने बुनियादी हक अधिकारों और लोकतंत्र तथा धर्मनिरपेक्षता को बचाना इस चुनाव में हमारा एकमात्र उद्देश्य है और इसके लिए फासीवादी भाजपा, आरएसएस गठजोड़ को सत्ता से हटाना हमारी आज की प्रमुख जिम्मेदारी है उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा गौतम बुध नगर सीट पर भाजपा प्रत्याशी महेश शर्मा को हराने और इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉक्टर महेंद्र सिंह नागर के पक्ष में मतदान कराकर उन्हें विजई बनाने के लिए पूरी तैयारी के साथ चुनाव अभियान में कूद पड़ने का आह्वान किया। सीटू जिला महासचिव रामसागर ने कहा कि जनपद में मजदूरों किसानों पर लगातार ज़ुल्म होता रहा और भाजपा सांसद चुप्पी सादे बैठे रहे। मजदूर किसान विरोधी ऐसे भाजपा सांसद को हराना जरूरी है। बैठक में मुख्य वक्ता सीटू दिल्ली एनसीआर राज्य महासचिव कामरेड अनुराग सक्सैना ने कहा कि भाजपा शासन में सबसे ज्यादा मजदूरों किसानों का उत्पीड़न किया गया है, लगातार महंगाई, बेरोजगारी बड़ी है और मजदूरों व आम जनता की आमदनी लगातार घटी है शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्थाओं स्थिति बहुत खराब है। उन्होंने कहा कि संघर्षों से हासिल अपने हक अधिकारों व मान सम्मान को बचाना है तो भाजपा को हराना आज वक्त की जरूरत है। बैठक में सीटू जिला कमेटी के नेता रामस्वारथ, सुनील पंडित, हुकम सिंह, सुदेश राघव, विकास कुमार, प्रमोद, मनोज, जगबीर, बद्रीश नारायण, राकेश आदि के साथ विभिनन्न उधोगों में कार्यरत मजदूरों ने हिस्सा लिया।

# श्री राम शोभा यात्रा को लेकर पदाधिकारी की हुई बैठक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** शुक्रवार की देर शाम सोनभद्र नगर के मध्य स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर विजयगढ़ पेट्रोल पंप के सामने अति आवश्यक बैठक रामनवमी के शुभ अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकालने हेतु श्रीराम दरबार अखाड़ा समिति द्वारा



बुलाई गई अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष धर्मवीर तिवारी ने कहा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री राम दरबार अखाड़ा समिति रामनवमी के शुभ अवसर पर दिनांक 17 अप्रैल 2024 समय दोपहर 3:00 बजे से भगवान श्री राम दरबार की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी जिसमें यात्रा को भव्य स्वरूप देने के लिए विभिनन्न प्रकार की झांकियां जैसे भगवान भोलेनाथ की गणेश जी की मां दुर्गा की विश्वामित्र जी की राम दरबार की वह बाल कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए जाएंगे और ढोल नगाड़े डीजे के साथ यात्रा को भव्य स्वरूप देकर पूरे नगर में भगवान राम के जन्मोत्सव पर शोभा यात्रा निकाली जाएगी और पूरे नगर को भगवामय के साथ-साथ प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भगवान राम के जन्मोत्सव पर्व किया जाएगा अखाड़ा परिषद के महामंत्री प्रमोद गुप्ता ने पिछले साल हुए खर्च का का विवरण देते हुए कहा कि शोभा यात्रा श्री राम जानकी मंदिर से प्रारंभ होकर शीतला मंदिर चौक होते हुए धर्मशाला चौक से चंडी तिराहा होते हुए बढ़ौली चौराहा कचहरी मार्ग से महिला थाना होते हुए वापस राम जानकी मंदिर पर समापन होगा शोभायात्रा मार्ग पर दोनों तरफ भगवा ध्वज लगाए जाएंगे व नगर को भगवामय किया जाएगा जगह-जगह राम भक्तों द्वारा स्टॉल लगाकर यात्रा में आए हुए श्रद्धालुओं का स्वागत भी किया जाएग अखाड़ा परिषद के संरक्षक व पदेन सदस्य जिला प्रचारक देवदत्त व नगर प्रचारक धनंजय व नगर संघचालक सुरेश केशरी ने संघ के प्रथम उत्सव हिन्दू नव वर्ष चैत्र प्रतिपदा पर रामलीला मैदान में होने वाले आदिसंघचालक प्रणाम में पूर्ण गणवेश में उपस्थित होकर नव वर्ष को धूम धाम से मनाने के लिए प्रेरित किया श्री रामदरबार अखाड़ा के संरक्षक जितेंद्र सिंह व श्रवण ने कहा कि श्री राम दरबार शोभायात्रा को भव्य स्वरूप देने के लिए आप सभी एक दूसरे से संपर्क कर यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दें यह यात्रा हम सबका है हम सब की भागीदारी है वार्ड वार टोली बनाकर संपर्क यात्रा में अधिक से अधिक लोगों को जोड़े ताकि यात्रा को भव्य स्वरूप दिया जा सके अखाड़ा परिषद के आनंद मिश्रा ने सभी वार्ड व अगल बगल के गांव के लोग व रामलीला समिति दुर्गापूजा समिति तथा रामचरित मानस अन्य अखाड़ा जैसे हनुमान अखाड़ा के लोगों का भी आह्वान किया जिससे अधिक से अधिक संख्या की कार्यक्रम में उपस्थिति हो मनोज जालान आशीष अग्रवाल ने कहा कि यात्रा के स्वागत के लिए जिन मार्गों से यात्रा जाएगी उन मार्गों पर राम भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा किया जाएगा प्रचार प्रसार के लिए नगर में होर्डिंग बैनर कट आउट लगाकर लोगों को यात्रा में आमंत्रित किया जाएगा भाजपा के जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता जी ने कहा कि यात्रा पूर्व के भांति इस वर्ष भी जैसे परंपरागत निकलती थी वैसे ही परंपरागत निकलेगी श्री राम हमारे आस्था का केंद्र है और इस बार भगवान राम के अपने महल में विराजमान पर यात्रा को और भी भव्य तरीके से हम या जन्मोत्सव भगवान राम का मनाएंगे अपने परंपरागत जैसे पिछले कई वर्षों से मानते चले आए बैठक में आए हुए महान विभूतियों ने कहा कि हम सभी मिलकर लोगों को यात्रा के लिए जागरूक करके यात्रा को सफल भव्य स्वरूप प्रदान करेंगे यात्रा में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास सोशल मीडिया के माध्यम से बैठक के माध्यम से फोन के माध्यम से सबको सूचना देकर आमंत्रित करेंगे और यात्रा पूरे परंपरागत तरीके से मनाएंगे डीजे और ढोल नगाड़े के साथ पूरा नगर को राममय कर देंगे बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्र के सम्मानित व वरिष्ठ संरक्षक शीतला सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व माननीयजिला संघचालक शिव शंकर जी नगर के उद्योगपति धर्मराज सिंह गणेश अग्रवाल मनीष खंडेलवाल राज नारायण तिवारी अजीत जायसवाल महेश राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नंदलाल कीर्तन भाजपा से मनोज सोनकर रविन्द्र केशरी माला चौबे ब्यापार मंडल से नरेन्द्र गर्ग चंदन केशरी नवल बाजपेई उमेश केशरी भाजपा महिला मोर्चा से पुष्पा गुडि़या त्रिपाठी मंजू गिरी रुबी गुप्ता आशीष उपाध्याय जी अमरीश जी दिवाकर प्रकाश श्रीवास्तव विनोद सोनी आनंद चौरसिया मनोज केसरी सोहनलाल केसरी पिंटू सिंह अविनाश चंदन केसरी श्याम उमर अखिलेश कश्यप राहुल शर्मा चंदन सोनी मालू सोनी विवेक कुमार अभय माखन सत्यम अमित केसरी चंदन केसरी संजय जयसवाल संतोष भारती राजा चौरसिया अभिषेक चौरसिया रवि केसरी योगेश सिंह अनूप पांडे तन्मय त्रिपाठी अभिषेक गुप्ता सुधांशु प्रियांशु ऋषभ केसरी हर्ष केसरी किसन मोहित सुनील रविंद्र राम सिंह इत्यादि बड़ी तादाद में नगर के ब्यवसाई व युवा कार्यकर्ता रामनवमी शोभायात्रा को भव्य स्वरूप देने के लिए बैठक में लोग शामिल हुए व अपना अपना सुझाव दिए मीडिया से भी जनपद के सभी प्रतिष्ठित समाचार पत्रों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे बैठक के उपरांत सभी लोगों ने प्रसाद स्वरूप भोजन करने के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ

# जनसेवा ही है राष्ट्रसेवा


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा ।** नोएडा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल के नेतृत्व में लगाए




गए चिन्मय मिशन में आज दिनांक 06/04/ 2024 को आयोजित किए गए आयुष्मान मेगा कैंप में 263 लोगों की उपस्थिति दर्ज कराई गई। इस मेगा कैंप में पूरे भारत देश के विभिनन्न राज्यों से आयुष्मान कार्ड के पात्रता सूची में 116 लोग चिन्हित पाए गए तथा 90 से ज्यादा लोगों के आयुष्मान कार्ड की निःशुल्क केवाईसी करके उनकी सॉफ्ट कॉपी उनको दे दी गई है। कुछ लोगों के सॉफ्टवेयर डाटा मैच करने के लिए सॉफ्टवेयर प्रक्रिया में है।साथ ही राशन कार्ड, पेंशन, दिव्यांग कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री मुफ्त सिलेंडर उज्जवला योजना आदि के बारे में बताया गया। हमारा प्रयास है, कि अंत्योदय तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। हर वर्ग तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए हमारी टीम निरंतर कार्य कर रही है गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर जनता जनार्दन की सेवा करने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ, ये मेरे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है। भाजपा का तो हर एक कार्यकर्ता जनसेवा के लिए समर्पित है। सेवा परमो धर्म को चरितार्थ करते हुए हम हर वर्ग तक बिना किसी भेदभाव के जनहितैषी योजनाओं का लाभ पहुंचा रहे है इस मेगा कैंप में उपस्थित सम्मानित जनों को टीबी जैसी भयंकर बीमारी के लक्षणों की जानकारी दी साथ ही यदि कोई व्यक्ति इससे पीडि़त है। और स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ लेना चाहता है तो आदरणीय श्री गोपाल कृष्ण जी के ऑफिस पर संपर्क कर सकता है। इस मेगा कैंप में जनहितकारी कार्य कर कैंप को सफल बनाने के लिए हमारे वालंटियर एवं सभी साथियों का योगदान भी सराहनीय है। जनसेवा के लिए भाजपा सदैव समर्पित रहती है।

# जब आमिर खान की इस बात से टूटा था रानी मुखर्जी का दिल, 'गुलाम' के लिए त्यागनी पड़ गई थी ये चीज, खुला बड़ा राज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रानी मुखर्जी फिल्म इंडस्ट्री की टॉप क्लास एक्ट्रेस में से एक हैं। 90 के दशक की टॉप क्लास हीरोइन रह चुकीं रानी का जलवा और इसने एक्ट्रेस के लिए कई और बड़ी फिल्मों की लाइन लगा दी। लेकिन इस मूवी को करने के लिए रानी को अपनी उस चीज का त्याग करना पड़ा था, जो उन्हें औरों से मुकेश भट्ट को लगा कि शायद दर्शक उनकी आवाज को स्वीकार नहीं करेंगे। वह उनकी आवाज के साथ कोई रिस्क नहीं लेना चाहते थे। बता दें कि हिंदी सिनेमा में 'गुलाम'






आज भी कम नहीं हुआ है। उन्होंने 'कुछ कुछ होता है', 'राजा की आएगी बारात', 'हद कर दी आपने' सहित कई फिल्में ऐसी की हैं, जिससे फैंस के दिलों में जगह बनाने में उन्हें ज्यादा वक्त नहीं लगा। ऐसी ही एक मूवी थी 'गुलाम', जो कि रानी के करियर की टर्निंग प्वाइंट फिल्म साबित हुई थी। रानी मुखर्जी फिल्म इंडस्ट्री की नामी एक्ट्रेस हैं। 90 के दशक से लेकर अब तक एक्ट्रेस का चार्म न तो कम हुआ है न ही फीका पड़ा है। रानी मुखर्जी अपनी एक्टिंग के साथ-साथ किसी और चीज के लिए भी जानी जाती हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में खुलासा किया कि गुलाम के लिए उन्हें किस चीज का त्याग करना पड़ा था। इस फिल्म में रानी मुखजी की जोड़ी आमिर खान के साथ बनी थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही अलग भी बनाती है और जो उनकी पहचान है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, रानी ने 'गुलाम' मूवी की मेकिंग को लेकर कुछ किस्से शेयर किए हैं। 'गुलाम' फिल्म को विक्रम भट्ट ने डायरेक्ट किया था। इस मूवी में उन्हें रानी की एक्टिंग जितनी पसंद आई, आवाज उतनी ही नापसंद लगी। ऐसे में मेकर्स ने उनकी जगह किसी और की आवाज को फिल्म में इस्तेमाल किया था। रानी ने बताया कि तब उन्हें अपना आत्म और आवाज फिल्म के लिए त्यागना पड़ा। उन्हें इसका बुरा लगा था, लेकिन वह कुछ कर नहीं सकती थीं। रानी ने बताया कि उन दिनों में एक्ट्रेस की आवाज को डब करने का चलन था। उनकी आवाज इसलिए डब करवाई गई क्योंकि आमिर खान, विक्रम भट्ट और फिल्म के प्रोड्यूसर रानी मुखर्जी की दूसरी और करियर की पहली हिट फिल्म थी। जिस मूवी ने उनके लिए दूसरे बड़े प्रोजेक्ट्स के दरवाजे खोल दिए, उसी में उनकी आवाज को डब किया गया। रानी ने बताया कि उन दिनों में एक्ट्रेस की आवाज को डब करने का चलन था। उनकी आवाज इसलिए डब करवाई गई क्योंकि आमिर खान, विक्रम भट्ट और फिल्म के प्रोड्यूसर मुकेश भट्ट को लगा कि शायद दर्शक उनकी आवाज को स्वीकार नहीं करेंगे। वह उनकी आवाज के साथ कोई रिस्क नहीं लेना चाहते थे। बता दें कि हिंदी सिनेमा में 'गुलाम' रानी मुखर्जी की दूसरी और करियर की पहली हिट फिल्म थी। जिस मूवी ने उनके लिए दूसरे बड़े प्रोजेक्ट्स के दरवाजे खोल दिए, उसी में उनकी आवाज को डब किया गया।

# क्यूटनेस में राहा से कम नहीं है आतिफ असलम की बेटी हलीमा, सिंगर ने रिवील किया अपनी नन्हीं प्रिंसेस का चेहरा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कभी बॉलीवुड इंडस्ट्री में धाक जमाने वाले पाकिस्तानी कलाकार आतिफ असलम की रीसेंट सोशल मीडिया पोस्ट काफी वायरल हो रही है। वह पिछले रिवील किया। आतिफ असलम पिछले साल एक बेटी के पिता बने थे, जिसका नाम उन्होंने हलीमा रखा। सिंगर ने अभी तक उसका चेहरा रिवील नहीं किया था। फैंस लंबे समय से सिंगर की बेटी को नजर आ रही हैं। हलीमा सोफे पर खड़ी दिखाई दे रही हैं। इस फोटो में दो चोटी के साथ हलीमा पर से हर किसी की नजरें हटाना मुश्किल हो रहा है। फैंस हलीमा की इन तस्वीरों पर काफी प्यार



साल 23 मार्च को एक क्यूट सी बच्ची के पिता बने थे। सिंगर ने अभी तक उसका चेहरा रिवील नहीं किया था। वहीं, इस बार नन्हीं प्रिंसेस के बर्थ डे पर आतिफ असलम ने अपनी बेटी का चेहरा रिवील कर दिया है। फेमस सिंगर आतिफ असलम को उनके फैंस बॉलीवुड में मिस करते हैं। आतिफ को हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में काम किए लंबा वक्त बीत गया है लेकिन सोशल मीडिया पर वह अपने फैंस से कनेक्टेड रहते हैं। आतिफ असलम हैंडसम और क्यूट लुक्स की वजह से जाने जाते हैं। हाल ही में सिंगर ने अपनी बेटी का पहला बर्थ डे सेलिब्रेट किया। इस मौके पर उन्होंने बेटी का चेहरा देखना चाहते थे और आखिर में उनकी ये विश पूरी हुई है। बता दें कि आतिफ असलम और उनकी पत?नी सारा भरवाना बीते साल तीसरे बच्चे के पैरेंट्स बने थे। आतिफ की पतनी ने बीते साल 23 मार्च को बेटी को जन्म दिया था। अब पहले बर्थ डे पर रिटर्न गिफ्ट के तौर पर हलीमा की फोटोज आतिफ असलम ने शेयर की हैं। इन तस्वीरों में हलीमा की क्यूटनेस देखने लायक है। फैंस उनकी मासूमियत पर दिल हार बैठे हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई फोटोज में से एक में आतिफ बेटी को गोद में लिए और उसके साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी फोटो में हलीमा कैमरे की तरफ देखती लुटाते हुए नजर आ रहे हैं। आतिफ के इस पोस्ट पर फैंस लगातार कमेंट कर हलीमा की क्यूटनेस की तारीफ करते हुए नजर आ रहे हैं। फिलहाल सोशल मीडिया पर हलीमा की फोटोज काफी वायरल हो रही है। हलीमा की क्यूटनेस की तारीफ के साथ ही कुछ फैंस का ये भी कहना है कि वह आलिया भट्ट (र्तें ू) और रणबीर कपूर (हीं र्ज्ददे) की बेटी 'राहा' जैसी लगती हैं। बता दें कि साल 2013 में आतिफ असलम ने सारा भरवाना से लाहौर में निकाह किया था। हीं हलीमा के अलावा आतिफ असलम के दो बेटे भी है, जिनका नाम अब्दुल अहाद और आर्यन असलम है।

# 'क्रू' की स्क्रिप्ट सुन ऐसा था कृति सेनन का रिएक्शन, आधी कहानी सुनते ही कह दी थी ये बात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** करीना कपूर, कृति सेनन और तब्बू स्टारर फिल्म 'क्रू' को रिलीज होने में अब बस कुछ ही दिन बाकी है। इसका ट्रेलर और कैसा रिएक्शन था और कैसे उन्होंने फिल्म के लिए हां की थी। डायरेक्टर राजेश ए कृष्णन के निर्देशन में बनी फिल्म क्रू का ट्रेलर देखने के बाद यह जाहिर है कि यह मूवी फुल






गाने पहले ही लोगों को काफी पसंद आ रहे हैं। इन तीनों एक्ट्रेस की जोड़ी पहली बार किसी फिल्म में साथ दिखाई देने वाली है। क्रू साल 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। इस मूवी में करीना कपूर तब्बू और कृति सेनन बॉलीवुड की तीन हसीनाएं एक साथ दिखाई देने वाली हैं। फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद फैंस इस मूवी का इंतजार कर रहे हैं। अब इसके राइटर ने फिल्म की कास्टिंग से जुड़ी एक कहानी शेयर की है और बताया कि कैसे कृति ने इस फिल्म के लिए हां कहा। अब इसके लेखक मेहुल सूरी और निधि मेहरा ने फिल्म से जुड़ी एक दिलचस्प जानकारी शेयर की है। उन्होंने बताया कि एक्ट्रेस कृति सेनन का 'क्रू' की स्टोरी सुनने का बाद एंटरटेनिंग होने वाली है। वहीं, कृति सेनन को फिल्म में लाने की कहानी उससे भी ज्यादा इंटरेस्टिंग है, जिसे राइटर मेहुल सूरी और निधि मेहरा ने शेयर किया है। ई-टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, मेहुल सूरी और निधि मेहरा ने बताया कि कृति ने जब क्रू की स्क्रिप्ट सुनी, तो वह अपनी हंसी को कंट्रोल नहीं कर पाई थीं। उन्हें इसकी स्क्रिप्ट काफी बेहद मजेदार लगी थी। सिर्फ इतना ही नहीं, उन्होंने पूरी कहानी सुने बिना ही अपने रोल के लिए हां कर दी थी। वहीं, इसके ट्रेलर को भी लोगों ने काफी प्यार दिया था। तीनों एक्ट्रेस के फैंस अब इस मूवी की रिलीज का बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं।

# चिंता किस बात की' से 'राम पहुना संग होली', इस होली प्लेलिस्ट में शामिल करें ये नॉन फिल्मी सॉन्ग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बलम पिचकारी', 'होली खेले रघुवीरा' और 'रंग बरसे भीगे चुनर वाली' जैसे कई होली के गाने आपने बॉलीवुड की नई-पुरानी फिल्मों किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उनके गाने फैंस को काफी पसंद आते हैं। हाल ही में होली के त्योहार से पहले दोनों का एक गाना रिलीज हुआ है, जिससे आपकी होली की पहले रिलीज हुए उनके नए गाने में होली के साथ-साथ भक्ति भी है। 'राम पहुना संग होली' को अक्षरा सिंह और राजू ने मिलकर गाया है, जिसे होली पर राम भक्त






में सुने होंगे। इन गानों को लोग आज भी काफी पसंद करते हैं और होली के त्योहार के दौरान बजाते हैं। ऐसे में अगर आप इस होली कुछ नया सुनना चाहते हैं, तो इस बार नॉन फिल्मी गाने सुनकर अपने फेस्टिवल को मजेदार बना सकते हैं। होली का त्योहार आ गया है और इस बार हर कोई रंगों के साथ-साथ अलग-अलग गानों को भी फेस्टिवल में बजाने के लिए तैयार है। अभी तक कई फिल्मों में होली की धूम और उस पर बने गाने देखने को मिले हैं। ऐसे में इस बार अगर कुछ अलग सुनना चाहते हैं तो अपनी प्लेलिस्ट में ये नॉन फिल्मी गाने शामिल कर सकते हैं फेमस सिंगर सचेत और परंपरा टंडन आज प्लेलिस्ट और भी रंगीन हो जाएगी। सचेत और परंपरा की आवाज में गाये हुए इस गाने का नाम 'चिंता किस बात की' है। ये जोड़ी अपने इस गाने से होली को और भी मजेदार बना देंगे होली का त्योहार हो और भोजपुरी गाने न हो ऐसा कैसे हो सकता है। इसी साल फरवरी में रिलीज हुए अरविंद अकेला कल्लू के पॉपुलर भोजपुरी गाने 'देवर प रहब होली में' को भी आप इस बार सुन सकते हैं। इस गाने को अरविंद ने शिल्पा राज के साथ मिलकर गाया है। वहीं, अभी तक इस गाने को 40 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं अक्षरा सिंह के गानों का दीवाना तो हर कोई है। अब एक हफ्ते आराम से बजा सकते हैं और इसका आनंद ले सकते हैं। अभी तक काफी लोगों ने इस गाने को देख लिया है और यह सोशल मीडिया पर काफी वायरल भी है मीका सिंह और अभिनव शेखर की आवाज में गाया हुआ गाना 'होली में रंगीले' भी लोगों को काफी पसंद आ रहा है। इस गाने में मौनी रॉय और वरुण शर्मा दिखाई दे रहे हैं। इसी लिस्ट में भोजपुरी का एक और गाना 'उजर ओढनिया रंगनी' भी शामिल है। इस गाने को भी होली प्लेलिस्ट में एड किया जा सकता है। गाने को खुशी कक्कड़ ने अपनी आवाज दी है। वहीं, माही श्रीवास्तव ने इस पर धमाकेदार डांस किया है।

# अमिताभ बच्चन की होली में सजती थी शहनाई वादकों की महफिल, किशोर भानुशाली ने बताया बॉलीवुड की इस फेमस पार्टी का ये किस्सा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मुंबई।** होली का इंतजार लगभग हर किसी को होता है। कहते हैं कि ये वो दिन होता है, जब गिले शिकवे भूलकर लोगों को एक दूसरे के साथ बस मस्तीभरी होली मनानी चाहिए। फिल्मों में इस फेस्टिवल को अलग-अलग धुन के






गानों के साथ बनाया गया है, जो इस त्योहार की खूबसूरती और भी बढ़ा देते हैं। लेकिन रील लाइफ से अलग सितारों की रियल लाइफ होली भी काफी मजेदार और यादगार रही है। फिल्मी सितारों के बीच होली फेस्टिवल को मनाने का क्रेज बरकरार रहता है। इस त्योहार और फिल्म व टीवी स्टार्स से जुड़े कुछ सुने और अनसुने किस्से भी हैं। ऐसा ही एक किस्सा जुड़ा है अमिताभ बच्चन की पार्टी से जिसके बारे में एक्टर किशोर भानुशाली ने बताया। उन्होंने बिग बी के घर खेली गई होली को अपनी सबसे यादगार होली बताया है। बॉलीवुड सेलेब्स में होली पार्टी सेलिब्रेशन का चलन बहुत पुराना है। कभी आरके स्टूडियो, को कभी जलसा में सितारों से स्टार स्टडेड होली मनाई। अमिताभ बच्चन के घर पर आयोजित हुई होली की तो बात की अलग होती है। दिवंगत अभिनेता देवानंद के जैसे दिखने और मिमिक्री करने वाले किशोर भानुशाली ने अमिताभ बच्चन के घर खेली गई होली के उस पल को याद किया, जो वह कभी भूलना नहीं चाहेंगे। किशोर भानुशाली ने कहा, 'बचपन से ही होली मेरा पसंदीदा त्योहार रहा है। एक बार मुझे होली के लिए अमिताभ बच्चन जी के घर जाने का मौका मिला। दरअसल, मैं स्वर्गीय जोगिंदर जी के घर होली मनाने के लिए गया था, तो उन्होंने मुझसे कहा कि बच्चन साहब के घर से होली का निमंत्रण आया है।' किशोर भानुशाली ने बताया कि जिस वक्त वह बिग बी के घर होली मनाने गए, तब वहां सब इस त्योहार के रंग में रंगे थे। अभिषेक बच्चन छोटे थे, फिर भी वह हर मेहमान से पूछ रहे थे कि आपने नाश्ता किया या नहीं? जया बच्चन हर मेहमान से कह रही थीं कि बिना नाश्ता किए और खाना खाए मत जाना। किशोर भानुशाली ने कहा कि अमिताभ बच्चन की होली पार्टी में फिल्म इंडस्ट्री के लगभग सभी बड़े स्टार्स मौजूद थे। संगीत के लिए शहनाई वादक थे और ढोल का भी इंतजाम किया गया था। उन्होंने इस होली को अपनी जिंदगी की सबसे यादगार होली बताया।

# बॉक्स ऑफिस पर जाग उठा सोया 'शैतान' 16वें दिन कमाई में लगा दी लंबी छलांग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शैतान मूवी ने इस समय सिनेमाघरों से लेकर बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है। सुपरनेचुरल थ्रिलर के आधार पर अजय देवगन और ज्योतिका की इस मूवी ने फैंस के ऊपर एक अनूठी छाप छोड़ी है। जिसकी वजह से हर रोज कमाई के मामले में ये फिल्म शानदार लय के साथ आगे बढ़ रही है।इस बीच शैतान के 16वें दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के ताजा आंकड़े सामने आ गए हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि शनिवार को इस फिल्म ने कितने करोड़ का काराबोर कर लिया है। दूसरे वीकेंड के बाद से हर रोज शैतान की कमाई का ग्राफ नीचे की तरफ जाता दिखा। ऐसा लग रहा था कि अब शैतान का क्रेज खत्म होने वाला है। लेकिन जैसी ही तीसरा वीकेंड आया ये फिल्म एक बार फिर से बॉक्स ऑफिस पर हुंकार भरती दिखाई दी है।इस बात की पूरी उम्मीद लगाई जा रही थी कि शैतान का गाड़ी तीसरे शनिवार को पटरी पर लौट आएगी और फिलहाल ऐसा होता दिख भी रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार अजय देवगन की इस हॉरर थ्रिलर ने रिलीज के 16वें दिन बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ाया है और बेहतरीन कारोबार कर के दिखाया है। मूवी के खाते में करीब 4.3 करोड़ रुपये के नोट आए हैं, जोकि बीते शुक्रवार की तुलना में दोगुनी कमाई है। अब तक शैतान ने करीब 125 करोड़ की कमाई कर ली है।8 मार्च को शैतान को बड़े पर्दे पर रिलीज किया गया। उसके बाद से इस मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर अपने सामने किसी अन्य फिल्म को नहीं टिकने दिया।इस दौरान पहले सप्ताह में योद्धा, बस्तर-द नक्सल स्टोरी और दूसरी स्पातह में मडगांव एक्सप्रेस और स्वतंत्र वीर सावरकर से शानदार कारोबार कर के दिखाया है। ऐसे में ये साफ कहा जा सकता है कि शैतान फिलहाल दर्शकों की पहली पसंद बनी हुई है।



# विजय वर्मा ने खोला राज, बताया कैसे तमन्ना भाटिया संग शुरू हुई थी उनकी लव स्टोरी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** विजय वर्मा और तमनन भाटिया बॉलीवुड के पावर कपल में से एक हैं। दोनों अक्सर एक साथ कई इवेंट्स में दिखाई देते हैं। फैंस को भी दोनों की जोड़ी काफी पसंद आती है। इस कपल की रिलेशनशिप को लेकर अक्सर यह सुनने को मिलता है कि दोनों ने 'लस्ट स्टोरीज 2' के दौरान एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था। विजय वर्मा और तमनन भाटिया की लव स्टोरी अक्सर सुखियों में बनी रहती है। ऐसा बताया जाता है कि दोनों ने एक दूसरे को लस्ट स्टोरीज 2 के दौरान डेट करना शुरू कर दिया था। हालांकि अब खुद विजय ने अपनी प्रेम कहानी के बारे में बात की है और बताया है कि यह सच नहीं है। हमने लस्ट स्टोरीज 2 के दौरान डेटिंग शुरू नहीं की थी। हालांकि, अब खुद विजय वर्मा ने बताया है कि दोनों ने फिल्म की



शूटिंग के दौरान डेट करना शुरू नहीं किया था। एक्टर ने अपनी रिलेशनशिप के बारे में एक इंटरव्यू में खुलकर बात की है और बताया कि कैसे दोनों ने एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया। नेटफ्लिक्स इंडिया के यूट्यूब चैनल पर तन्मय भट्ट से बात करते हुए विजय ने बताया कि लस्ट स्टोरीज 2 की शूटिंग के दौरान हम दोनों की डेटिंग शुरू नहीं हुई थी। हम एक रैप अप पार्टी करना चाहते थे और उसमें सिर्फ 4 लोग आए। मुझे ऐसा लगता है कि उस दिन मैंने उन्हें कहा था कि मैं तुम्हारे साथ हैंगआउट करना चाहता हूं। उसके बाद हमारी पहली डेट होने में 20-25 दिन लग गए थे। इससे पहले तमनन ने भी फिल्म कैम्पियन को दिए एक इंटरव्यू में अपनी रिलेशनशिप को लेकर खुलकर बात की थी। एक्ट्रेस ने उस समय कहा था कि विजय और मेरी बॉन्डिंग काफी नैचुरल है। वह ऐसे इंसान हैं, जिसकी मैं बहुत परवाह करती हूं। वह मेरा हैप्पी प्लेस है। विजय वर्मा और तमनन भाटिया के वर्क फ्रंट की बात करें, तो एक्टर को आखिरी बार मर्डर मुबारक में देखा गया था। अब वह जल्द ही मिर्जापुर 3, उल जलूल इश्क और मटका किंग में दिखाई देंगे। वहीं, तमनन के पास पाइपलाइन में अरनमई 4 और वेदा हैं।

# जाह्नवी कपूर ने घुटनों के बल चढ़ी तिरुपति मंदिर की सीढियां, एक्ट्रेस ने ऐसा करने की बताई बड़ी वजह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जाह्नवी कपूर जितनी ग्लैमरस और लग्जरीयस





लाइफस्टाइल जीती हैं, उतना ही धर्म और आस्था में भी विश्वास रखती हैं। वह बॉलीवुड की लैविश पार्टी अटेंड करती हैं, तो बिजी शेड्यूल से समय निकालकर मंदिर जाना भी मिस नहीं करतीं। दर्शन करते हुए जाह्नवी की अक्सर कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। इस बार एक्ट्रेस अपने रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड शिखर पहाडि़या और दोस्त औरी के साथ तिरुपति मंदिर गईं। खूबसूरत एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर लग्जरी के साथ-साथ धर्म और आस्था से जुड़ी चीजें भी खूब करती हैं। वह अक्सर मंदिर जाती रहती हैं। आध्यात्म से उनका लगाव पुराना है। हाल ही में एक्ट्रेस अपने दोस्त औरी और रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड शिखर पहाडिया के साथ तिरुपति मंदिर गईं। यहां उन्होंने घुटनों के बल सीढियां चढ़कर दर्शन किए। एक्ट्रेस ने इसका कारण रिवील किया। जाह्नवी धर्म-आस्था में काफी विश्वास रखती हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित

सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398

website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।